
RNI. MPHIN/2016/68439

“व्यवहार में संतुलन-संयम बड़ी साधना से ही आता है।”
मन्नू भंडारी

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-91 | भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज. ब्रीफ

### राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की मुख्य अतिथि होंगी राष्ट्रपति

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में आगामी 25 नवंबर को श्रीजन्म भूमि मंदिर परिसर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन भव्य स्वरूप में होगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी उपस्थित रहेंगे। समारोह की तैयारी को लेकर तीर्थ क्षेत्र भवन में राम मंदिर ट्रस्ट, संघ व विहिप के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि समारोह केवल ध्वजारोहण तक सीमित न रहकर राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना, समरसता और संगठन की शक्ति को प्रकट करेगा। 25 नवंबर को अभिजित मुहूर्त में समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे से ध्वजा पूजन के साथ होगा। राम मंदिर समेत परिसर के सभी उप मंदिरों के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई जाएगी।

### गुरेज में मुठभेड़, दो आतंकवादी मारे गए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में गुरुवार को भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई। जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने x पर बताया कि उन्हें आतंकियों के घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन जारी है। इससे पहले 2 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अखल देवसर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

### संभल में घटी 30 फीसदी हिंदू आबादी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के संभल में हुए दंगों की जांच रिपोर्ट जांच आयोग ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। 24 नवंबर 2024 को मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसकी जांच इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग को सौंपी गई थी। इसमें पूर्व डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य बनाए गए थे। आयोग ने सीएम को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। इस दौरान सीएम के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद रहे। जांच आयोग ने 450 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में न केवल 24 नवंबर को हुई हिंसा का जिक्र है, बल्कि संभल में इससे पहले कब-कब दंगे हुए, इनका भी उल्लेख किया गया है। उन दंगों के दौरान क्या-क्या हुआ, इसका भी पूरा विवरण लिखा गया है। सूत्रों के मुताबिक संभल में हुई न्यायिक हिंसा पर तैयार की रिपोर्ट में जनसांख्यिकीय परिवर्तन का भी जिक्र है। इसमें बताया गया कि कभी यहां पर 45 प्रतिशत आबादी हिंदू थी। लेकिन, वर्तमान में यह घटकर 15 से 20 प्रतिशत ही रह गई है।

## भारत और जापान के बीच 2 साल में 170 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हुए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** बीते 2 वर्षों में भारत और जापान के बीच 170 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसमें 13 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जाहिर की गई है। यह सहयोग दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा से इन संबंधों को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद जाहिर की गई है। वह 29-30 अगस्त को 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान पहुंच रहे है। भारत और जापान के बीच कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश और साझेदारी बढ़ रही है। निप्पोन स्टील (एएम/एनएस इंडिया) गुजरात में 15 अरब रुपये और आंध्र प्रदेश में 56 अरब रुपये का निवेश कर रही है। सुजुकी मोटर गुजरात में एक नए प्लांट के लिए 350 अरब रुपये और अपनी उत्पादन लाइनों के विस्तार के लिए 32 अरब रुपये का निवेश कर रही है। टोयोटा किर्लोस्कर कर्नाटक में अपने विस्तार के लिए 33 अरब रुपये और महाराष्ट्र में एक नए प्लांट के लिए 200 अरब रुपये का निवेश कर रही है। जेएफई स्टील ने विद्युत इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 445 अरब रुपये का निवेश किया है।

## हिमाचल में बारिश का तांडव, तीन दिन में जाम में फंसे ट्रक

### सब्जी और खाने की चीजों की किल्लत

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में बारिश का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा। भारी बारिश के चलते बानला में हुए भूस्खलन ने चंडीगढ़-मनाली हाईवे को पूरी तरह ठप किया है। यहां कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हिमाचल में कई सड़कें टूट गई हैं और नदियां उफान पर हैं। इसके बाद यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कुल्लू जिले के बानला में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, इससे चंडीगढ़-मनाली हाईवे अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत का काम जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन



प्रकृति के इस प्रकोप के आगे अभी राहत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। ब्यास नदी के उफान ने हाईवे का एक हिस्सा बहा दिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। बीते तीन दिनों से मंडी जिले के पंडोह से ऑट तक हाईवे बंद है। सैकड़ों ट्रक और कारें सड़क पर फंसी हैं और ड्राइवरों का सब्र भी जवाब दे रहा है। सब्जियां और सामान खराब हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। अमृतसर से कुल्लू-मनाली जा रहे ड्राइवर ने बताया, चार दिन हो गए, हम यहीं फंसे हैं। सड़क की हालत खराब है और टोल टैक्स के 260 रुपये भी वसूल रहे हैं। प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिल रहा।

### रेंटिंग एजेंसी की सहायक कंपनी का अनुमान

## जीएसटी में सुधार, अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा

**मुंबई।** रेंटिंग एजेंसी फिच सॉल्यूशंस की सहायक कंपनी बीएमआई ने कहा कि आगामी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार, जिनका उद्देश्य दरों में कटौती और निजी खपत को बढ़ावा देना है, अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि आने वाले दशक में उत्पादकता में करीब 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे जीडीपी वृद्धि को पर्याप्त गति मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार हमने अपने पहले अुनमान में बताया था कि रेसिप्रोकल टैरिफ में 25 प्रतिशत की वृद्धि वित्त वर्ष




2025/26 (अप्रैल-मार्च) और वित्त वर्ष 2026/27 में रियल जीडीपी वृद्धि को 0.2 प्रतिशत और धीमा कर देगी।

### दो-स्लैब टैक्स स्ट्रक्चर के आगामी

जीएसटी स्लैब रेशनलाइजेशन से ऑटोमोबाइल, वित्तीय सर्विस, सीमेंट और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में खपत बढ़ने और लाभप्रदता में सुधार होने की उम्मीद है। वहीं एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी सुधारों और हाल ही में आयकर में की गई कटौती से उपभोग में 5.31 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हो सकती है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 1.6 प्रतिशत के बराबर है।

### भारत इस दशक में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

कंपनी ने कहा कि भारत इस दशक में एशिया में सबसे तेजी से बढ़ती उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। बीएमआई के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 प्रतिशत से ऊपर बने रहने का अनुमान है, भले ही अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ कुछ उद्योगों को प्रभावित कर रहे हों। बीएमआई ने कहा, हमारा अनुमान है कि दशक के अंत तक भारतीय आर्थिक वृद्धि दर धीरे-धीरे धीमी होकर 6.0 प्रतिशत से थोड़ी अधिक होगी।

## राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जिन विभागों में गुंजाइश थी, वहां 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल को सभी राजनीतिक दलों ने सराहा

- मुख्यमंत्री की पहल पर हुई ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने सर्वदलीय बैठक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विषय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। प्रदेश में सभी राजनीतिक दल अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सहमत हैं। विभिन्न पक्षों के अधिवक्ता इस विषय में न्यायालय के सामने अपने-अपने बिन्दु रख रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय अन्य पिछड़ा वर्ग



आरक्षण विषय पर 22 सितम्बर से प्रतिदिन सुनवाई करेगा। इस विषय पर सभी दलों की सहमति हो, इस संबंध में गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया कि इस विषय में सभी दल एकजुट होकर एक फोरम पर आएंगे और विभिन्न पक्षों के अधिवक्तागण भी 10 सितम्बर तक एक साथ बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई सर्वदलीय बैठक के बाद जारी अपने संदेश में यह बात कही।

### अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शिक्षा एवं सेवाओं में आरक्षण 27 प्रतिशत किए जाने संबंधी जानकारी

- दिनांक 08 मार्च 2019 को म.प्र. शासन द्वारा अध्यादेश जारी कर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए शिक्षा एवं सेवाओं में आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया। दिनांक 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में विधेयक पारित कर इसे कानून के रूप में लागू किया गया।
- वर्तमान में 19 मार्च 2019 को दायर हढ 5901/2019 (आशिता दुबे विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन) सहित 40 से अधिक प्रकरण उच्चतर न्यायालयों में प्रचलन में हैं, जिनमें मूलतः अंतरिम आदेश द्वारा अध्यादेश/अधिनियम में 14 प्रतिशत से अधिक आरक्षण के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, परंतु अधिनियम की वैधानिकता पर न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है। अतः उपरोक्त अधिनियम आज की स्थिति में वैधानिक है एवं इसकी वैधानिकता पर वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में याचिका क्रमांक 606/2025 में अंतिम सुनवाई 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ होना नियत है।
- दिनांक 19 मार्च 2019 को दायर याचिका 5901/2019 (आशिता दुबे विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन) में अंतरिम आदेश द्वारा अध्यादेश के आधार पर 14 प्रतिशत से अधिक आरक्षण महाविद्यालय में प्रवेश के दौरान न देने के निर्देश दिये। (चिकित्सा शिक्षा विभाग)-25181/2019, WP No.-8923/2020 एवं 40 अन्य याचिकाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ प्रकाशित विज्ञापनों पर रोक लगाई गई। उपरोक्त प्रकरणों में समय-समय पर पारित अंतरिम आदेश के कारण प्रावधानित 27 प्रतिशत अन्य पिछडा वर्ग आरक्षण का क्रियान्वयन प्रायोगिक रूप से संभव नहीं हो पाया है।
- शासन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रचलित .-25181/2019,.-8923/2020 एवं 40 अन्य याचिकाओं को 5901/2019 के साथ सम्मिलित कराया गया। उपरोक्त याचिकाओं में पारित अंतरिम आदेशों के मद्देनजर महाधिवक्ता के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रभावी प्रतिरक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।
- दिनांक 29 सितंबर 2022 को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा परिणाम दो भागों में, 87 प्रतिशत पदों पर मुख्य तथा 13 प्रतिशत पदों पर प्रावधिक परिणाम घोषित करने के निर्देश जारी किये गए।

## तूतीकोरिन में दिसंबर 2026 तक तैयार होगा नया प्रक्षेपण परिसर, इसरो चीफ का ऐलान

### कुलशेखरपट्टिनम के पास 2300 एकड़ जमीन पर बनाया जा रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसरो चीफ वी. नारायणन ने घोषणा की कि तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में बन रहा नया प्रक्षेपण परिसर दिसंबर 2026 तक तैयार होगा। इस परिसर से सालाना करीब 20 से 25 रॉकेट प्रक्षेपण संभव होगा। नया परिसर कुलशेखरपट्टिनम के पास 2300 एकड़ जमीन पर बनाया जा रहा है। यह भारत का दूसरा प्रक्षेपण स्थल होगा। पहला और मौजूदा केंद्र आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में स्थित है। परिसर का भूमि पूजन



बुधवार को हुआ, जिसमें इसरो चीफ ने हिस्सा लिया। इस केंद्र से मुख्य रूप से लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के जरिए छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक के पेलोड को 400 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचाने में सक्षम है। इसके जरिए छोटे उपग्रहों का कम लागत और तेजी से प्रक्षेपण किया जा सकेगा।

### पीएम मोदी ने रखी थी आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2024 में इस प्रक्षेपण केंद्र की आधारशिला रखी थी। यह प्रोजेक्ट देश की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं और आत्मनिर्भर भारतह्न की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसरो चीफ नारायणन ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 तक काम पूरा हो जाए। अगले साल के अंत तक हम यहां से रॉकेट प्रक्षेपण करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री उचित समय पर प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा करने वाले है।

## नैनीताल के ऐतिहासिक ओल्ड लंदन हाउस में लगी आग

### इतिहासकार की बहन की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के नैनीताल में बहुत ही दुखद घटना हुई है, जहाँ डेढ़ सौ साल से भी पुरानी ऐतिहासिक इमारत ओल्ड लंदन हाउस में बुधवार रात भीषण आग लग गई। इस आग में प्रसिद्ध इतिहासकार और पर्यावरणविद् डॉ. अजय रावत की 82 वर्षीय बहन, शांता बिष्ट, की दुखद मृत्यु हो गई। यह आग नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में मोहनको चौराहे पर स्थित इमारत में रात करीब 10 बजे लगी और सुबह 2 बजे तक भड़की रही। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग, पुलिस,



वायुसेना और आपदा राहत दल सहित 40 से ज्यादा कर्मचारियों ने मिलकर चार घंटे से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत की। आसपास के शहरों, जैसे भवाली, भीमताल, रामनगर और हल्द्वानी, से भी दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। आग इतनी भयानक थी कि ऐतिहासिक ओल्ड लंदन हाउस पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

### निजी स्कूल की बस खाई में गिरी

## 12 से ज्यादा बच्चे घायल

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी के बरेली रोड पर जयपुर बीसा गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। निजी स्कूल की बस, जिसमें बच्चे सवार थे, दूसरी बस को साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई कर सभी बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें 12 से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बस चालक और परिचालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा हैं कि हादसा पदमपुर देवलिया गांव के पास हुआ, जहां बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। घटनास्थल स्कूल के करीब होने की वजह से स्थानीय लोगों ने



निजी वाहनों से घायलों को हल्द्वानी के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दो स्कूल बसें चौराहे के पास साइड ले रही थीं। इस दौरान एक बस ज्यादा किनारे चली गई और खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में करीब 40 बच्चे सवार थे, जिनमें से 12 से ज्यादा घायल हुए। प्रधान ने कहा, इस क्षेत्र के बस चालक अक्सर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

## जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीटों को लेकर क्या फंस गया पेंच

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीटों को लेकर जो पेच फंसा है, उसका कारण यह है कि 2021 से वहाँ की चारों सीटें खाली हैं। आमतौर पर, राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और हर 2 साल में एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर दो साल में कुछ सीटों पर चुनाव हों। लेकिन समस्या ये हैं कि जम्मू-कश्मीर में करीब 30 सालों तक राष्ट्रपति शासन और अन्य कारणों से विधानसभा चुनाव नहीं हुए, इसकारण वहाँ की चारों राज्यसभा सीटें एक ही समय पर खाली हो गईं। मौजूदा व्यवस्था के हिसाब से इन चारों सीटों पर एक साथ ही चुनाव करना होगा। यदि ऐसा होता है, तब आगे चलकर भी ये सीटें एक ही साथ खाली होंगी, जिससे राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक चुनाव की जो परंपरा है, वह वहाँ लागू नहीं हो पाएगी। इस समस्या को ठीक करने के लिए, चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के कानून मंत्रालय से अनुरोध किया था कि एक राष्ट्रपति आदेश जारी किया जाए। इस आदेश से इन चारों सीटों के कार्यकाल को अलग-अलग क्रम में निर्धारित किया जा सके, ताकि हर 2 साल में कुछ सीटों पर चुनाव हो सकें। लेकिन, कानून मंत्रालय ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि राज्यसभा सीटों के कार्यकाल को अलग-अलग करने के लिए राष्ट्रपति आदेश जारी किया जा सके।

### बिहार में नेपाल के रास्ते 3 आतंकी घुसे

## पूरे प्रदेश में अलर्ट, राहुल की सुरक्षा बढ़ाई गई




**पटना।** बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की खबर है। पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो जारी की है, उनके नाम हसनैन अली, आदिल हुसैन और मोहम्मद उस्मान हैं। हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट और उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है। आतंकियों के अररिया जिले से बिहार में घुसने की आशंका जताई गई है। पुलिस हेडक्वार्टर ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। जहां से घुसपैठ की आशंका, वहीं राहुल की यात्रा इधर बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के खिलाफ राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा चल रही है।

### बिहार में बड़ी वारदात कर सकते हैं आतंकी

खबर है कि तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे हफ्ते ही काठमांडू पहुंच गए थे। वहां से पिछले सप्ताह बिहार में घुसे हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर आशंका है कि आतंकियों का मकसद बिहार में किसी बड़ी घटना को अंजाम देना था। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव

आतंकी अलर्ट के बाद राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव किया गया है। सीतामढ़ी में वे जिस कैंप में रुके थे वहां से सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां कई जगहों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल वहां नहीं रुके। मंदिर में दर्शन के बाद राहुल गांधी का रोड शो भी था, लेकिन वो कैंसिल कर दिया गया है। राहुल गांधी अब ओपन जीप की जगह बंद गाड़ी से चल रहे हैं।

### मई में 18 संदिग्धों की घुसपैठ

इससे 3 महीने पहले मई में 20 दिनों में 18 संदिग्ध बिहार में घुसे थे। इनमें एक खालिस्तानी भी पकड़ाया था। बिहार नेपाल से 729 किमी लंबी बॉर्डर साझा करता है। बिहार के 7 जिले नेपाल बॉर्डर से लगे हुए हैं। यहीं से घुसपैठ होती है, क्योंकि पूरी बॉर्डर खुली है।

## नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी 2025 की रिपोर्ट में दावा

## मुंबई और कोहिमा देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित

**नई दिल्ली।** नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी 2025 की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर हैं। वहीं, पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची महिलाओं के लिए सबसे कम सुरक्षित शहर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहिमा और दूसरे सबसे सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिलाओं के लिए अनुकूल इन्फ्रास्ट्रक्चर है। वहीं, पटना और जयपुर जैसे शहरों में हालात इसके उलट हैं। यह सर्वे 31 शहरों की 12 हजार 770 महिलाओं पर किया गया था। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने गुरुवार को इसकी रिपोर्ट जारी की। सर्वे से शामिल 10 में से 6 महिलाओं ने खुद को अपने शहर में सुरक्षित कहा वहीं, 40 प्रतिशत ज्यादा सुरक्षित नहीं या असुरक्षित मानती हैं। महिलाएं रात के समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और घूमने की जगहों पर कम सुरक्षित महसूस करती हैं। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 86 प्रतिशत महिलाएं सिर्फ दिन में खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। रात में या कैंपस के बाहर सुरक्षा की भावना काफी कम हो जाती है। करीब 91 प्रतिशत महिलाएं वर्किंग प्लेस पर सुरक्षित महसूस करती हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में वन्यजीवों के पुर्नवास के लिए हुआ एमओयू

## उज्जैन में होगी चिड़ियाघर- सह-सफारी केंद्र की स्थापना

**म.प्र. टाइगर फाउंडेशन समिति और ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर समिति के बीच हुआ एम.ओ.यू.**



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति और ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर समिति के बीच एमओयू हुआ। चिड़ियाघरों, रेस्क्यू सेंटर्स और सफारी में रखे गए वन्यजीवों के पुर्नवास, संरक्षण, पशु स्वास्थ्य और कल्याण में सहयोग करना इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य है, इस दिशा में संयुक्त प्रयास ?किए जाएंगे। उज्जैन में प्रस्तावित चिड़ियाघर-सह-सफारी केंद्र की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता सहित वन कर्मियों, पशु चिकित्सकों और हाथी महावतों के लिए विशेष क्षमता-निर्माण और कौशल उन्नयन के कार्यक्रम संचालित होंगे। साथ ही पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाओं सहित उन्नत वन्यजीव स्वास्थ्य और बचाव बुनियादी ढांचे का सहयोगात्मक विकास भी किया जाएगा। **बाघों की आबादी के आणविक आनुवंशिक विश्लेषण के लिए मिलेगी प्रयोगशाला सुविधा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए इस एमओयू के अंतर्गत प्रदेश के चिड़ियाघर संस्थानों के लिए एकीकृत डिजिटल चिड़ियाघर प्रबंधन सूचना प्रणाली का डिजाइन और विकास किया जाएगा। संरक्षण योजना और साक्ष्य-आधारित वन्यजीव प्रबंधन के लिए, विशेष रूप से चिड़ियाघर के बाघों की आबादी के आणविक आनुवंशिक विश्लेषण के लिए ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की उन्नत प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए भी संयुक्त अनुसंधान आरंभ होंगे। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। समझौते के अनुक्रम में ग्रीन्स सेंटर तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों की समीक्षा कर, इस संबंध में सलाह राज्य शासन के वन विभाग को दे सकेगा। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुए एमओयू हस्ताक्षर और आदान-प्रदान अवसर पर अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री वी.एन. अम्बाड़े, ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के डॉ. बृज किशोर गुप्ता, श्री अनुपम जैन और श्री संदीप दीक्षित उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग बरेली ने अवैध रूप से परिवहन हो रही 6 पेटी देशी मसाला मदिरा और मोटर सायकिल जप्त की

दैनिक भेल पॉवर



**सत्येंद्र जोशी रायसेन।** सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शहनाज कुरेशी के नेतृत्व मे अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वृत्त बरेली के आबकारी उपनिरीक्षक राजेश विश्वकर्मा द्वारा आबकारी बल के सहयोग से दिनांक 28.08.2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर खरगोन से बरेली की ओर आने वाले मार्ग पर ग्राम भोंडिया नहर के पास नाकेबंदी की जाकर बिना नम्बर की एक हीरो सी.डी. डीलक्स मोटरसायकिल पर दो झोलों में रखी हुई 06 पेटियों में रखे 300 पाव देशी मसाला मदिरा के अवैध रूप से परिवहन करते हुए उक्त मोटर सायकिल को मय मदिरा के जप्त किया गया। आबकारी स्टाफ को नाके बंदी करते हुए देख आरोपी मोटर सायकिल को मय मदिरा के घटना स्थल पर पटककर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था जिसकी गिरफ्तारी शेष है। आरोपी की मौके पर पहचान नहीं होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 संशो. 2000 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया। साथ ही ग्राम छवारा में दविश देकर आरोपी रमेश रघुवंशी को 20 पाव देशी प्लेन मदिरा के साथ गिरफ्तार किया तथा ग्राम गुरारिया में दविश देकर आरोपी मथुरा प्रसाद को 18 पाव मसाला मदिरा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34-1(क) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। आज की कार्यवाही में कुल तीन प्रकरण कायम किये गये जिसमे जप्त 338 पाव देशी मसाला एवं प्लेन मदिरा तथा मोटरसायकिल का कुल बाजार मूल्य 85208/- रुपए आंकलित किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक रामस्वरूप पटेल, सैनिक श्री राकेश शर्मा एवं श्री हलके सिंह परते का सराहनीय सहयोग रहा। सहायक आयुक्त आबकारी श्री दीपक अवस्थी द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध सम्पूर्ण रायसेन जिले मे विशेष अभियान की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# सांसद खेल महोत्सव 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक

## सांसद खेल महोत्सव के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न



**बैठक में सांसद श्री आलोक शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को खिलाड़ियों के पंजीकरण से प्रारंभ हो रहा है।**

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** सांसद श्री आलोक शर्मा द्वारा कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सासंद खेल महोत्सव-2025 के आयोजन की तैयारी हेतु बैठक की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती अंजू अरुण कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सांसद श्री आलोक शर्मा ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को खिलाड़ियों के पंजीकरण से प्रारंभ हो रहा है। पंजीकरण 29 अगस्त से 20 सितंबर तक किया जाएगा, उसके पश्चात 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, ब्लॉक, जिला स्तरों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# श्री सत्य साई विश्वविद्यालय सीहोर द्वारा भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** देश की प्रगति एवं औद्योगिक उन्नति में सदैव तत्पर रहने वाली अग्रणी संस्था श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर के प्रांगण में निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया, इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनिययॉ जैसे टाटा प्रोजेक्ट, हाक्सवेल, कल्पतरू, एडीसी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, शिव शक्ति प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि ने युवा बेरोजगारों को उनकी गुणवत्ता के आधार रोजगार और कोशल के समान अवसर देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस सुनियोजित आयोजन में डॉ. गौतम टेटवाल राज्य मंत्री शासन द्वारा रोजगार



मेले तथा इंडस्ट्रीयल पार्क का उदघाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री एवं सीएम के आशीर्वाद से एक ऐसा विभाग की जिम्मेदारी मिली है जिससे उनके सपनों को साकार करने क पूर्ण कोशिश करूंगा। उन्होंने चैयरमैन कपूर साहब को बधाई देते हुए कहा कि यह एक ऐसी संस्था है जहां सुई से लेकर हवाई जहाज बनाने का कौशल सिखाया जाता है और जहां 100 प्रतिशत प्लेसमेंट होता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी को अनेकों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कि आज देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटने में सरकार अनेकों योजनाओं से युवा वर्ग को आर्थिक सहायता एवं रोजगार प्रदान करने के प्रयासों के प्रति सक्षम है और आज इस मेले में आन लाईन 1400 रजिस्ट्रेशन हुए है इन में से आज प्रथम दिन 96 को चयनित किया गया। यह हमारे लिये बड़ी गोरव की बात है, मंत्री ने विश्वविद्याल में पधारकर तथा इसे मूर्तरूप देकर युवाओं के रोजगार तथा सुनिश्चित आर्थिक विकास हेतु देश हित में एक सकारात्मक कदम में उठाया है साथ उन्होंने कहा कि युवा वर्ग आर्थिक विकास हेतु विश्वद्यालय द्वारा इस रोजगार मेले में भाग लेकर भारत की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करें। इस अवसर प इस मेले की शोभा बढ़ाने के लिए विश्वविद्याल के चेयरमैन डॉ. सुनील कपूर ने कहा कि इस स्टेट के मंत्री डॉ. टेटवाल जी का आना हमारे लिए इसलिए शुभ है क्योकि इस बार इस सरकार ने इस ग्रुप पर जितना आशीर्वाद दिया है वो अद्भुत संयोग है। हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य देश की प्रगति और भावी युवा पीढ़ी को आर्थिक उन्नति है और इसके लिए हम उन्हें उच्च शिक्षा एवं संपूर्ण विश्व में रोजगार उपलब्ध करने को प्रतिबद्ध है । सभा को संबोधित करते हुए तथा इस आयोजन को सार्थकता प्रदान करने हेतु सीआईडीसी के डायरेक्टर जनरल डॉ. प्रियरंजन स्वरूप द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि वे विश्वविद्यालय को सदैव अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। इस आयोजन में श्रीमती डॉ .साधना कपूर कुलाधिपति आरकेडीएफ ग्रुप भोपाल ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया। सुश्री रूचि कपूर एमडी, एसएसएसयूटीएमएस की गरिमामय उपस्थिति रही। विश्वविद्याल के कुलपति डॉ. मुकेश तिवारी ने कहा कि इस रोजगार मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता रहेगा। हमारे विश्वविद्यालय से हर वर्ष 2500 से ज्यादा छात्र छात्राएं पास आउट होते है, इसलिए बड़े स्तर पर हमारे छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट की आवश्यकता होती है। हमारे विश्वविद्यालय से निकलने वाले स्टूडेंट्स को भी मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा बड़े पैकेज पर रिक्रूट किया जाना संभव है, उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से कराने एवं विश्वविद्यालय के सभी कर्मठ रोजगार समन्वयक दल को इस विशाल मेले को सफल बनाने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन ने राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से की मुलाकात

दैनिक भेल पॉवर

**दमोह।** मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन मध्यप्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल गत दिवस संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से नोहटा स्थित उनके निवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष आनंद जैन, जिला अध्यक्ष अविनाश दुबे, संरक्षक उपेंद्र सिंह ठाकुर, मंत्री जगदीश नेमा, संयोजक अमित अठया, भूपेंद्र सिंह सहित कई सदस्य शामिल रहे। बैठक में एसोसिएशन पदाधिकारियों ने वर्तमान शासकीय आदेश के तहत पैथोलॉजी यूनिट संचालन में एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर की अनिवार्यता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब तक व्यवहारिक परंपरा के अनुसार क्वालिफाइड एमबीबीएस चिकित्सकों के मार्गदर्शन में रूटीन पैथोलॉजी जांच संपन्न होती रही है। प्रदेश के अधिकांश जिलों के शासकीय चिकित्सालयों में एमडी पैथोलॉजिस्ट उपलब्ध



नहीं हैं, फिर भी पैथोलॉजी जांच सुचारू रूप से हो रही है। एसोसिएशन ने आग्रह किया कि इस आदेश पर पुनर्विचार किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों। राज्यमंत्री श्री लोधी ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर स्वास्थ्य सचिव एवं स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करेंगे और व्यावहारिक समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 सितंबर से

दैनिक भेल पॉवर



दमोह... पितृ पक्ष के पावन अवसर पर, इस वर्ष भी बेलाताल टापू स्थित श्री शिव साईं मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 11 सितंबर से शुरू होगा। यह कार्यक्रम पिछले 12 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक, पंडित श्री कमलेश्वरानंद महाराज जी, अपने मुखारविंद से करेंगे, जिसका श्रवण पान कर सभी भक्तजन धर्म लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस धार्मिक आयोजन में शहर के कई श्रद्धालु भाग लेंगे। पितृ पक्ष के महत्व को देखते हुए, बेलाताल में तर्पण भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग अपने पितरों को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष के कार्यक्रम में यजमान बनकर पुण्य कमाने के इच्छुक लोग 8319809383 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हाथों में कटोरा लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी, सरकार को दी चेतावनी

## जिलाध्यक्ष राजीव बोले, आज याचक बने हैं, कल से प्रदर्शन करेंगे

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** किसानों और पिछड़े वर्ग की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस ने गुरुवार को शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता हाथों में कटोरा लेकर बस स्टैंड से कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार को उसकी नीतियों के लिए घेरा। मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि किसानों के सम्मान में आज हम याचक बनकर आए हैं और सरकार व प्रशासन से किसानों के सम्मान के लिए भीख मांगते हैं। हमें किसानों के लिए खाद, यूरिया, डीएपी और उचित फसल बीमा राशि चाहिए। राजीव ने चेतावनी देते हुए कहा अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आज हम याचक बने हैं, लेकिन कल किसानों के लिए सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और इस सरकार को झुकाकर रहेंगे। **कांग्रेस की तीन प्रमुख मांगें-** प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने तीन प्रमुख मांगें रखीं, जिसमें फसल बीमा में धोखे का आरोप लगाते हुए कहा कि फसल बीमा के नाम पर किसानों के साथ मजाक किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में 100-200 रुपये जैसी मामूली रकम भेजी गई है, जो उनके साथ बड़ा धोखा है। कांग्रेस ने तत्काल उचित बीमा राशि का भुगतान करने की मांग की। जिले में किसानों को हो रही खाद की भारी किल्लत पर रोष व्यक्त करते हुए सरकार से इस समस्या को तुरंत हल करने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना उनकी सबसे महत्वपूर्ण मांग है। यह आरक्षण तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने लागू किया था और इसे तत्काल बहाल किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, सह प्रभारी दिनेश मेंघानी, प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, हरपाल ठाकुर, विक्रम मस्ताल, गणेश तिवारी, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, निशांत वर्मा, विवेक राठौर,मुस्तफा अंजुम,नरेन्द्र खंगराले, राकेश वर्मा, घनश्याम यादव, बलवान पटेल, घनश्याम मीणा, हसीन कुरेशी,आदि मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले जिला कांग्रेस अध्यक्ष

दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे के नेतृत्व में नर्मदापुरम जिले में किसानों की मूंग का बकाया भुगतान एवं डीएपी यूरिया खाद की उपलब्धता सहित ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान को लेकर कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा गया । गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर सोनिया मीना को मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें किसानों को खाद,बीज की समस्या के शीघ्र निराकरण एवं मूंग खरीदी का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा ओबीसी वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण की भी मांग की गई। कलेक्टर द्वारा किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण का



आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवकांत गुड्डन पांडे के साथ जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया, नर्मदापुरम नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार आदि मौजूद थे।

# आज कलश यात्रा से प्रारंभ होगा सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ स्टेडियम में आज प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाआयोजन का शुभारंभ होगा। यह आयोजन 7 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन लाखों शिवलिंग निर्माण, महा रुद्राभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण होगा। नगर के मूर्तिकार ओ.पी. चौहान ने 12 फीट ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा और



9 फीट के शिवलिंग तैयार किए हैं। विधायक एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मोहन शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस महाआयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

# गांजा तस्करी करते पकड़ा गया डिलीवरी बॉय, 5 किलो माल और मोटरसाइकिल जब्त

## थाना अयोध्यानगर, जोन-02 पुलिस की गांजा तस्करों पर लगातार कार्यवाही

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** अयोध्यानगर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो कि राजधानी भोपाल में ब्लिंकिट का डिलीवरी एजेंट बनकर नशे का व्यापार कर रहा था। पकड़े गए आरोपी से 5 किलोग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमत ठाकुर पिता जमुना प्रसाद ठाकुर (उम्र 25 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कि मूल रूप से ग्राम पड़रिया राजधार, बेगमगंज, जिला रायसेन का निवासी है और वर्तमान में अयोध्या नगर क्षेत्र के नरेला जोड़ में किराए के मकान में रह रहा था। वह पेशे से ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय का काम करता था और इसी की आड़ में गांजा तस्करी कर रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि वह



जल्दी पैसे कमाकर कार खरीदना चाहता था, इसी लालच में उसने गांजा तस्करी का रास्ता चुना। **मुखबिर की सूचना पर हुई कार्यवाही-** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अयोध्या नगर थाना पुलिस ने एक विशेष टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर अयोध्या एक्सटेंशन के पीछे दबिश दी। मौके से सुमत ठाकुर को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से 5.0 किलोग्राम गांजा व एक बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल (क्रमांक MP04 NT5245) जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 370/25 दर्ज कर उसे रिमांड पर लिया है। पूछताछ जारी है। **पुलिस का अभियान और जागरूकता-** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत लगातार गांजा तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है। इस दिशा में पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्र और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी के निर्देश पर जोन-02 के पुलिस उपायुक्त डॉ. संजय कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई। अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री गौतम सोलंकी एवं सहायक पुलिस आयुक्त, एम.पी. नगर संभाग श्री मनीष भारद्वाज (भा.पु.से.) द्वारा की जा रही है।

# सेंट पॉल को-एड स्कूल में "इंडिया एंड अब्रॉड एजुकेशन एक्सपो 2025" का सफल आयोजन

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** सेंट पॉल को-एड स्कूल, आनंद नगर, भोपाल में गुरुवार, 28 अगस्त 2025 को ₹इंडिया एंड अब्रॉड एजुकेशन एक्सपो 2025₹ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को एक छत के नीचे एकत्रित किया गया। एडुकॉन - द एजुकेशन कंसल्टेंसी और भृगु स्टडी अब्रॉड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के सहयोग से आयोजित इस आयोजन का उद्देश्य भारत और विदेश में गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में वरिष्ठ कक्षाओं के 500 से अधिक विद्यार्थियों और पूर्व विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विश्वभर के



विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर अपनी जिज्ञासा व्यक्त की। विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रमों, छात्रवृत्ति के अवसरों, करियर पथ और विदेशी शिक्षा विकल्पों का अन्वेषण किया। प्राचार्य डॉ. फादर थॉमस ने कहा, ₹विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा मंच है, जिससे उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल सके। करियर परामर्श सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और अपने भविष्य के लिए शैक्षणिक निर्णय लेने की प्रेरणा मिलेगी।₹उन्होंने एडुकॉन और भृगु स्टडी अब्रॉड सॉल्यूशंस के साथ सहयोग की अत्यधिक सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा अवसरों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रयास किया। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे अवसरों से हमें यह ज्ञात होता है कि आगे बहुत से रास्ते हैं जिन्हें अपनी रुचि के अनुसार चुनकर हम अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं।

# जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना आदि कर्मयोगी की जिम्मेवारी: केंद्रीय मंत्री

## आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने दिया मार्गदर्शन




**बैतूल (निप्र)।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार बैतूल जिले के चिन्हित आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में योजनाओं के सैचुरेशन, विकास कार्यों की जन-संचालित प्लानिंग एवं स्थानीय समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन 25 अगस्त को होटल आईसीइन गंज में किया जाएगा। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, श्री सुधाकर पवार सहित कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ श्री अक्षत जैन उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी योजना, नीति या कार्य का वास्तविक उद्देश्य तभी सफल होता है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और अंतिम व्यक्ति तक योजना पहुंचे इसकी जिम्मेदारी आदि कर्मयोगी के कंधे पर है। इस जिम्मेदारी को आदि कर्मयोगी निस्वार्थ भाव से कर्तव्य को सर्वोपरि मानकर कार्य करें, ताकि वर्ष-2047 तक भारत में कोई भी विकास की दृष्टि से पीछे नहीं रहे। उन्होंने कहा कि समुचित देश में आदि कर्मयोगी अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अंतर चेतना से प्रदत्त योजना है। जनजातीय बाहुल्य ग्रामों के लोगों के सर्वांगीण विकास की चिंता कर उनके उत्थान और सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। इस दौरान उन्होंने आदि कर्मयोगी शब्द के महत्व से प्रशिक्षण में मौजूद सभी मास्टर ट्रेनरों, अधिकारी-कर्मचारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन अंतिम व्यक्ति तक हो।

**प्रधानमंत्री जी का सपना वर्ष 2047 तक भारत बने संयुक्त राष्ट्र:** इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उईके ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनरों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारत की आजादी में जनजातीय महानायकों का योगदान अहम है। उन्होंने कहा कि सन 1947 में भारत के आजाद होने के बाद जनजातीय लोगों के लिए अनेकों योजनाएं प्रारंभ की गई, लेकिन जनजातीय लोगों के सर्वांगीण विकास में अनेकों बाधाएं आई। इन बाधाओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना बनाई और 63 हजार ग्रामों को चिन्हित कर 80 हजार करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 75 जातियां ऐसी है, जो विलुप्ति की कगार पर है। उन जातियों का प्रतिनिधित्व न ग्राम पंचायत में है न लोकसभा में, ऐसी विलुप्त होती जातियों की चिंता करते हुए विकास की दृष्टि से 112 जिलों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री जन-मन योजना के लिए 24 हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा कि जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में सभी योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत के संयुक्त राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने में आदि कर्मयोगी अभियान एक अच्छी पहल है। संयुक्त राष्ट्र के सपने को साकार करने में आदि कर्मयोगी का अहम योगदान है।

**आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय कार्य विभाग का अनूठा कार्यक्रम :** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है, लेकिन समाज के कई लोग जागरूकता के अभाव में योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते है। आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी जिले के 554 ग्रामों में पात्र लोगों को लाभान्वित करें। श्री सुधाकर पवार ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय कार्य विभाग का अनूठा कार्यक्रम है। इस अभियान से जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना आदि कर्मयोगी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही।

**जिले के 554 ग्राम में यह अभियान होगा क्रियान्वित :** जिला पंचायत सीईओ से अक्षत जैन ने बताया कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी तथा आदि साथी के माध्यम से जिले के 554 ग्राम में यह अभियान क्रियान्वित होगा। जिले के विभिन्न विकास संबंधी विभागों के जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कर्मचारी आदि कर्मयोगी होंगे। इसी प्रकार ग्रामों के स्थानीय अध्यापक, चिकित्सक एवं युवा आदि सहयोगी कहलाएंगे जिनका चयन ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार क्षेत्रीय स्व सहायता समूह की महिलाएं जनजातीय वर्ग के बुजुर्ग एवं वालंटियर का आदि साथी के रूप में चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन, ग्रामीण स्तरीय विजन प्लान-2030 का निर्माण, योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आदि सेवा केन्द्र की स्थापना एवं इन क्षेत्रों में एक घंटे की साप्ताहिक जनसुनवाई किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



## समितियों के माध्यम से हो नियमित खाद वितरण : कलेक्टर सोनिया मीना

**नर्मदापुरम (निप्र)।** जिले में कृषकों को खाद की नियमित आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित की जाए उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सहकारी समितियों के माध्यम से एनपीके/एसएसपी का उठाव सुनिश्चित कर किसानों को समय पर वितरण किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा प्राप्त खाद आवंटन का वितरण सहकारी समितियों एवं गोदामों के माध्यम से 50-50 मॉड्यूल के आधार पर ही किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि समितियों द्वारा की जा रही खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि इस वर्ष समितियों को कुल 4150.62 एमटी यूरिया प्राप्त हुआ है, जिसमें से 3348.18 एमटी का वितरण हो चुका है। इसी प्रकार 3552.25 एमटी सुफा में से 2055.75 एमटी का वितरण तथा 4589 एमटी एनपीके/ कॉम्प्लेक्स/ टीएसपी में से 1210.50 एमटी का वितरण किया जा चुका है, शेष स्टॉक समितियों के पास भंडारित है। बैठक के दौरान यह जानकारी भी दी गई की इस सप्ताह खाद की एक रैक इटारसी में लगना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दूरस्थ ग्रामों में क्लस्टर तैयार कर इस सप्ताह से ही किसानों को समितियों के माध्यम से खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रह्माकुमारी बालाजीपुरम सेवा केंद्र द्वारा रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**विदिशा (निप्र)।** ब्रह्माकुमारी बालाजीपुरम सेवा केंद्र के द्वारा ब्रह्माकुमारी सपना बहन के सानिध्य में विदिशा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि पर विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में सेवा केन्द्र के द्वारा मनाया गया है। दादी की स्मृति में सेवाकेंद्र पर रक्तदान किया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा, श्री मनोज कटारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत चैबे, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाह, गोविंद देवलीया, जीएस चैहान, लायंस क्लब अध्यक्ष शाश्वत शर्मा, राजकुमार सर्राफ, अरुण सोनी, अमोल अग्रवाल, क्लब के सभी मेंबर, बीके चमन लाल, एचडीएफसी बैंक मैनेजर श्रीनाथ एवं विदिशा की अनेक समाजसेवी मौजूद रहे। सेवा केन्द्र द्वारा उपलब्ध जानकारी अनुसार आज विदिशा में सम्पन्न हुए रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह कर जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराया गया है। संस्थान द्वारा बताया गया कि ममतामयी दादी जी की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

### 43 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**नर्मदापुरम (निप्र)।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर रविवार 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नर्मदापुरम के तत्वाधान में ब्रह्माकुमारी आश्रम विक्रम नगर, रसूलिया में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 43 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की सेवा की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ नर्मदापुरम नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, अर्चना पुरोहित, समाजसेविका नीरजा फौजदार, ट्रैफिक डीएसपी संतोष मिश्रा, सेमेरिटन स्कूल के एमडी आशुतोष शर्मा, डीएचओ डॉ. सुनीता नागेश, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनील जैन, ब्रह्माकुमारीज से सुनीता बहन एवं तुलसा बहन, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर नीरज कुमार एवं उनकी टीम की उपस्थिति में हुआ। शिविर को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारीज राजयोग प्रशिक्षण आश्रम का स्टाफ, भारतीय रेडक्रॉस समिति, रोटरी एवं लायंस क्लब तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। रक्तदाताओं में निरंजना बहन, अनन्या पब्लिक स्कूल से पल्लवी भदौरिया, बबीता बहन, पवन भाई, पंकज, प्रफुल्ल, अजीत, संजय, रीतेश राजपूत, राजेश, कुंदनलाल, सत्यम, नरेश गौर, कुलदीप सहित अन्य ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर रक्तदान महादान के संकल्प को साकार किया।

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से सुमन बाई के जीवन में आई खुशियां

**रायसेन (निप्र)।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना का लाभ पाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही सशक्त भी हुई हैं। लाड़ली बहना योजना का लाभ पाकर महिलाओं के लिए जीवन में खुशियां आई हैं। यह कहना है सिलवानी तहसील के ग्राम अर्जनी निवासी श्रीमती सुमन बाई का। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए श्रीमती सुमन बाई कहती हैं कि योजना के तहत हर महीने 1250 रू की राशि मिलने से उन्हें बच्चों की जरूरतें पूरी करने और छोटे-छोटे खर्चों में बहुत मदद हो जाती है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि में से कुछ राशि हम बचा लेते हैं, जो हमारे आड़े वक्त में काम आएगा।

## कन्या शिक्षा परिसर में आम चुनाव की तर्ज पर हुए बाल संसद चुनाव

### विद्यालय की 113 छात्राओं ने सात विभिन्न पदों के लिए किया मतदान



**बैतूल (निप्र)।** जनजातीय कार्य विभाग बैतूल द्वारा मैजिक बस फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से संचालित जीवन कौशल आधारित 'सक्षम'कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय आठनेर में बाल संसद चुनाव के परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय परिसर इस अवसर पर लोकतांत्रिक माहौल से सराबोर रहा।

बीते शनिवार को बाल सभा के दौरान हुए मतदान में कक्षा 6वीं से 10वीं तक की 113 छात्राओं ने सात विभिन्न पदों के लिए मतदान किया। चुनाव से पूर्व विकासखंड प्रबंधक मेहरबान सिंह ने छात्राओं को नामांकन की प्रक्रिया समझाते हुए दावेदारी प्रस्तुत करने और वोट की अपील करने और भाषण देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य मदन लाल पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्राओं में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों की व्यवहारिक जानकारी भी प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री और उप प्रधानमंत्री पद के लिए चार उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें कक्षा 10वीं की छात्रा विशाखा कुमरे प्रधानमंत्री और किरण धुर्वे उप प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं। अन्य मंत्री पदों पर नव्या उइके पर्यावरण मंत्री, खुशी सलामे स्वास्थ्य मंत्री, अश्विनी उइके खेल मंत्री, रीना सिरसाम सांस्कृतिक मंत्री तथा आरती दहिकर शिक्षा मंत्री बनीं। सक्षम जिला प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने कहा कि बच्चे 18 वर्ष की आयु में अचानक लोकतंत्र नहीं सीख सकते, बल्कि ऐसे आयोजन ही उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने और सामाजिक सहभागिता की ओर प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बनते हैं। मास्टर ट्रेनर हेमलता सोलंकी ने कहा कि शिक्षक-प्रशिक्षु के रूप में मैंने संवैधानिक मूल्यों और शिक्षा के उद्देश्यों को व्यवहार में उतारने के लिए विद्यालय में बाल संसद चुनाव का आयोजन किया।

यह चुनाव आम चुनाव की तर्ज पर पूरी पारदर्शिता और प्रक्रिया के साथ कराया गया, जिसमें नियमित शिक्षकों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधक निष्ठा सौदावत ने कहा कि बच्चे 18 वर्ष की आयु में अचानक लोकतंत्र नहीं सीख सकते। इसके लिए उन्हें विद्यालय स्तर पर ही लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव और सकारात्मक मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बाल संसद चुनाव जैसी गतिविधियां अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। चुनाव परिणाम की घोषणा विद्यालय सभा के दौरान नोडल पदाधिकारी एवं उप प्राचार्य निलेश खातरकर ने की। इस मौके पर सभी विजयी छात्राओं को कर्तव्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका हेमलता सोलंकी मास्टर ट्रेनर, भूपेन्द्र नागले, संतोष गिद, लक्ष्मी धोटे, प्रीति घुड़की, नामदेव चढोकर सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

## विदिशा में एमपी-सर्ट की पहल, साइबर सुरक्षा पर दी खास ट्रेनिंग




**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले में एमपी-सर्ट द्वारा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया था। मध्यप्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की विशेष इकाई एमपी-सर्ट (मध्यप्रदेश-कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम) द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता और तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में विदिशा जिले में आज एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन एवं संबंधित हितधारकों को नवीनतम साइबर खतरों, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा साइबर अपराध से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। एमपी-सर्ट टीम का नेतृत्व श्री अम्बर पांडे (प्रमुख, एमपी-सर्ट) ने किया। उनके साथ रूचा महाले (राज्य समन्वयक), योगेश पंडित (कानूनी सलाहकार एवं साइबर विशेषज्ञ), प्रियंका गोस्वामी एवं रूप नारायण गौर ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। टीम ने सायबर खतरो की रोकथाम, डेटा सुरक्षा, शासकीय कार्यालयों के लिए साइबर हाइजीन तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही शासकीय कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के कानूनी एवं तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया गया, ताकि वे त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया उपाय अपना सकें। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिला अधिकारियों को अनेकों बिंदुओं पर सदोहरण दिए हैं। कार्य शाला में अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार डामोर , जिपं सीईओ श्री ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी तथा डीईजीएम श्री अमित अग्रवाल उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने शासकीय कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि दैनिक जीवन एवं शासकीय कार्यों में सुरक्षित डिजिटल पद्धतियों को अपनाना समय की आवश्यकता है।विदिशा में संपन्न यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, एमपी-सर्ट की उस राज्य स्तरीय व्यापक पहल का हिस्सा है जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में जमीनी स्तर पर साइबर जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शासन एवं जनसेवाओं को साइबर दृष्टि से और अधिक सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाना है।

## पुस्तक मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लाभान्वित हो रहे आगुंतक

### पुस्तक मेला से विदिशा गौरवान्वित हो रहा



**विदिशा (निप्र)।** जिला प्रशासन विदिशा के सहयोग से राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा आयोजित पुस्तक मेले में आज सोमवार को साहित्यिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें नगर विदिशा के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रथम सत्र में श्री जलज कुमार वर्मा, संसाधन व्यक्ति के नेतृत्व में कला एवं शिल्प विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शासकीय सांदीपनी विद्यालय के 180 छात्र-छात्राएँ, शासकीय उ.मा.वि. करारिया की 13 छात्राएँ, शासकीय मा.शा. टीलाखेड़ी के 25 छात्र-छात्राएँ तथा शासकीय कन्या उ.मा.वि. शेरपुरा की 68 छात्राएँ सम्मिलित हुईं। द्वितीय सत्र में पूर्वाह्न 11 बजे से सृजनात्मक लेखन एवं पुस्तक विमोचन जैसी विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान संसाधन व्यक्ति श्री शिवनारायण गौर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं सहभागिता प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम में नगर के नागरिक भी उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना की। आज के सत्र में विशेष रूप से श्रीमती शशि मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.पी. सिंह जाटव, सहायक संचालक श्री प्रियांश शर्मा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री चंद्रकांत त्यागी ने सहभागिता कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और प्रमाणपत्र प्रदान किए। पुस्तक मेले में नगर के सभी वर्गों द्वारा विशेष उत्साह दिखाया जा रहा है। यह मेला साहित्य, कला एवं ज्ञान-विज्ञान के प्रति जनमानस को प्रेरित करते हुए एक सृजनात्मक मंच उपलब्ध करा रहा है। सायंकालीन सत्र में साहित्यिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे।

## जिले में प्राप्त उर्वरकों का केन्द्रों पर व्यवस्थित वितरण नहीं कराने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने डीएमओ मार्कफेड को दिया नोटिस




**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय योजनाओं तथा कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में खाद वितरण केन्द्रों पर खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिले में खाद की रैक प्राप्त होने के उपरांत भी व्यवस्थित वितरण नहीं कराए जाने से उत्पन्न हो रहीं अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की तथा मूंग उपार्जन के उपरांत किसानों को राशि भुगतान की कार्यवाही धीमी होने पर डीएमओ मार्कफेड श्री कल्याण सिंह ठाकुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सभी खाद वितरण केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता बनी रहे तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सांसद निधि एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान संतोषजनक कार्य नहीं होने पर जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती किस्मत शाहनी को कार्य में रूचि नहीं लेने तथा निर्देशों के उपरांत भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय कार्यों में तत्परता दिखाएं और व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्यो की गति में तेजी लाएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभागवार विगत एक माह में प्राप्त सीएम हेल्पलाईन शिकायतों, उनके निराकरण की प्रगति तथा लंबित शिकायतों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का गंभीरतापूर्वक समयावधि में अंतिम निराकरण कराएं।

उन्होंने 50 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा के दौरान महिला बाल विकास विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्कूल शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग आदि की अधिक संख्या में शिकायतें लंबित होने पर संबंधित जिला अधिकारियों को जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही की मॉनीटरिंग करें तथा शिकायतकर्ताओं से स्वयं संवाद करें। साथ ही समाधान ऑनलाईन तथा टीएल पत्रकों में भी समयावधि में जबाव दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाते हुए संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

## पीपीपी मॉडल चिकित्सा महाविद्यालयों का अनुबंध हस्ताक्षर का वर्चुअल शुभारंभ

### बैतूल के जिला अस्पताल में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



**बैतूल (निप्र)।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल इन्फोरमेशन सेंटर जबलपुर में सोमवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पीपीपी मॉडल पर 4 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए अनुबंध हस्ताक्षर श्योपुर एवं सिंगरौली में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रारंभ होने का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। साथ ही स्मार्ट चैटबॉट 'आयुष्मान सखी, आशा से सीधा संवाद, स्वस्थ एकृत मिशन अंतर्गत 1 करोड स्क्रीनिंग कार्य की उपलब्धि, गर्भावस्था पोषण पर प्रचार-प्रसार सामग्री पोस्टर नवीन मातृ शिशु सुरक्षा कार्ड का शुभारंभ भी किया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर जिला चिकित्सालय बैतूल की एमसीएच भवन में किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय जनजाति राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि बैतूल को पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात मिली है। बैतूल जिले का पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के लिए अनुबंध हस्ताक्षर हुए हैं। आने वाले कल में बैतूल मध्यप्रदेश का सबसे विकसित जिला होगा। जिले में आयुष्मान प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, बाल ह्रदय योजना, आयुष्मान संजीवनी क्लीनिक एवं सिकल सेल एनीमिया अभियान से लोगों के स्वास्थ्य बेहतर सुधार हुआ है। राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश जनपरिषद अभियान उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने से मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को फायदा होगा उनको जिले में ही और अधिक अवसर मिलेंगे और जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेगीं।श्री सुधाकर पंवार ने कहा कि जिले में मेडिकल कॉलेज के बनने से हमारे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का और विस्तार होगा, और हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर होंगे।

इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा आयुष्मान वय वंदना योजनांतर्गत 21 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किय गये। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश घोरे द्वारा बताया गया कि बैतूल जिले में आयुष्मान निरामयम योजना अंतर्गत 12,02,969 के विरूद्ध 12,11,425 सदस्यों की आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान निरामयम योजनांतर्गत 70 प्लस आयुवर्ग के व्यक्तियों के 43,342 आयुष्मान कार्ड एवं योजनांतर्गत आज दिनांक तक 1.26 लाख हितग्राहियों को उपचारित कर 130 करोड़ की राशि स्वीकृत कर वितरित की गई है। स्वस्थ्य एकृत मिशन अभियान अंतर्गत प्रारंभ 1 जून से 18 अगस्त 2025 तक कुल 12,32,19 हितग्राहियों का हेल्थ चेकअप किया गया है। लाइव प्रसारण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, पूर्व विधायक श्री मंगल धुर्वे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, आरएमओ डॉ रानू वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ प्रांजल उपाध्याय, जिला मलेरिया अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत, डीपीएम डॉ विनोद शाक्य, उप जिला मीडिया अधिकारी श्री महेशराम गुबरेले, शाखा प्रभारी परिवार कल्याण श्री भगतसिंह उइके, एपीएम श्री प्रकाश माकोड़े, एमएंडईओ मनोज चढ़ोकार, जिला चिकित्सालय स्टाफ, शहरी बैतूल स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कप्तान मेजर ध्यानचंद की हॉकी स्टिक में था जादू



**हाकी के मैदान पर अपने तीसरे नेत्र द्वारा वो विपक्षी टीम के हर खिलाड़ी पर पैनी नजर रखते थे। उनका दिल और दिमाग हर समय हाकी के खेल में ही डूबा रहता था।**


उनकी स्टिक में एक जादू परिलक्षित होता था। हाकी थामे जब वो ड्रिबलिंग करते थे तो अच्छे -अच्छे खिलाड़ियों के पसीने छूट जाते थे। आप कह सकते हैं हाकी के मैदान पर अपने तीसरे नेत्र द्वारा वो विपक्षी टीम के हर खिलाड़ी पर पैनी नजर रखते थे। उनका दिल और दिमाग हर समय हाकी के खेल में ही डूबा रहता था। सही मायने में उनके आसपास हाकी जैसे राष्ट्रीय खेल का औरा था। वे मैदान पर जब रहते थे तो खेल के हर दांव पर चीजों को साधते थे। वे लोग भाग्यशाली थे जिन्होनें महान हाकी जादूगर ध्यानचंद के खेल को बेहद करीब से देखा है । उनकी सबसे बड़ी देन यही है कि उन्होंने देश के हर खिलाड़ी को यह पाठ पढ़ाया कि आपकी परिस्थितियां आपको बड़ा बनने से रोक नहीं सकती अगर आप में खेल के प्रति जुनून है। किसी भी खिलाड़ी की महानता को आप उसके खेलों के प्रति समर्पण, जिद और जुनून से बखूबी नाप सकते हैं, उस हिसाब से तो मेजर ध्यानचंद महान खिलाड़ी थे। उन्हें हॉकी में फिरकी का जादूगर यूं ही नहीं कहा जाता था।

ध्यानचंद का जन्म उत्तरप्रदेश के इलाहबाद में 29 अगस्त 1905 को हुआ था। उनके पिता का नाम समेश्वर सिंह था जो ब्रिटिश इंडियन आर्मी में एक सूबेदार के रूप कार्यरत थे। हाकी का माहौल तो मानो पूरे परिवार में ही था। पिता को हाकी की स्टिक पकड़ा देखकर ध्यान ने भी हाकी की स्टिक थाम ली। यह वह दौर था जब ध्यानचंद के भाई मूल सिंह और रूप सिंह भी हाकी के हीरो के रूप में जाने जाने लगे। हॉकी के खेल में ध्यानचंद की प्रतिभा देखते ही बनती थी। उन्होंने सतत साधना, अभ्यास, लगन, संघर्ष और संकल्प के सहारे भारतीय हाकी को दुनिया में अपने आसरे न केवल नई पहचान दिलाई बल्कि दुनिया में भारत की हाकी की धमक अपने खेल के जरिये दिखाई। ध्यानचंद जब महज 14 बरस के थे, तब वह अपने पिता के साथ हॉकी मैच देखने के लिए गए। जहां उन्होंने एक टीम को 2 गोल से हारते हुए देखा। तभी चंद ने अपने पिता से पूछा कि वह हारने वाली टीम से कैसे खेल सकते हैं? उनके पिता ने कहा ह्लहाँ क्यों नहीं ह्व उस मैच में ध्यान चंद ने 4 गोल किए। उनके प्रदर्शन को देखते हुए सेना के अधिकारी इतने प्रभावित हुए और उन्हें सेना में शामिल होने की पेशकश की। ध्यानचंद 16 साल की उम्र में ह्लफर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंटह्व में एक साधारण सिपाही के रूप में भर्ती हुए लेकिन वे भारतीय सेना में मेजर के पद तक अपने खेल के जरिये पहुंचे। भारतीय सेना जॉइन करने के बाद उन्होंने हॉकी को अपना जीवन बना लिया किया।

ध्यानचंद बेहतरीन हाकी खेलते थे। इसके लिए वो दिन - रात पसीना बहाया करते थे। उस दौर में उनके रात के अभ्यास सत्र को चांद निकलने से जोड़कर देखा जाता था शायद यही वजह थी उनके साथी खिलाड़ियों ने उन्हें चांद नाम दे दिया। ध्यानचंद को फुटबॉल में पेले और क्रिकेट में ब्रैडमैन के समतुल्य माना जाता है। उनकी गेंद इस कदर उनकी स्टिक से चिपकी रहती कि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को अक्सर आशंका होती कि कहीं वो किसी जादुई स्टिक से तो नहीं खेल रहे हैं। ध्यानचंद की हॉकी स्टिक से जिस तरह गेंद चिपकी रहती थी उसे देख कर उनकी हॉकी स्टिक में गोंद लगे होने की बातें भी पूरी दुनिया में कही गई।

एक बार कुछ ऐसा हुआ कि नीदरलैंड में एक मैच के दौरान उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर देखी गई। इस शक के साथ कहीं स्टिक में कोई चुम्बक तो नहीं लगी लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा क्योंकि जादू हॉकी स्टिक में नहीं ध्यानचंद के बेजोड़ खेल और हाथों में था। एक बार ध्यानचंद ने शॉट मारा तो वह पोल पर जाकर लगा तो उन्होनें रेफरी से कहा की गोल पोस्ट की चौड़ाई कम है। जब गोलपोस्ट की चौड़ाई मापी गई तो सभी हैरान रह गए। वह वाकई कम थी। ध्यान चंद ने देश को स्वाभिमान से जीना भी सिखाया। उनकी कलाकारी से मोहित होकर ही जर्मनी के रुडोल्फ हिटलर सरीखे जिद्दी सम्राट ने उन्हें जर्मनी के लिए खेलने और जर्मन सेना में शामिल होने की पेशकश कर दी थी लेकिन ध्यानचंद ने हमेशा भारत के लिए खेलना ही सबसे बड़ा गौरव समझा और लेकिन उन्होंने भारत में ही रहना पसंद किया और मौके पर ही इस पेशकश को ठुकरा ही दिया।1936 में बर्लिन ओलंपिक में हिटलर के सामने ना सिर्फ जर्मनी की हॉकी टीम को 8-1 से पराजित किया, बल्कि उस दौर में दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह हिटलर के सामने खड़े होकर तब उन्हें एक भारतीय होने का अहसास कराया, जब हिटलर से आंख मिलाना भी हर किसी के बस की बात नहीं होती थी। ध्यानचंद ने हिटलर की उस फरमाइश को खारिज कर दिया जिसमें हिटलर ने ध्यानचंद को भारत छोड़ कर्नल का पद लेकर जर्मनी में रहने को कहा था लेकिन ध्यानचंद उस वक्त भी अपने फटे जूते, स्टिक और लांस-नायक के अपने पद को बतौर भारतीय ज्यादा महत्व दिया। अपनी आत्मकथा गोल में उन्होंने लिखा था आपको मालूम होना चाहिए कि मैं बेहद सरल और साधारण आदमी हूं। ध्यानचंद की हॉकी की जादूगरी के जितने किस्से हैं उतने शायद ही दुनिया के किसी अन्य खिलाड़ी के बाबत सुने गए हों।

ध्यानचंद का असली नाम ध्यान सिंह था जो नाम उनके कोच पंकज गुप्ता ने दिया था। उनकी हॉकी की कलाकारी देखकर हर हॉकी प्रेमी बिना वाह-वाह कहे बिना नहीं रह पाता था।प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी भी अपनी सुध - बुध खोकर उनकी स्टिक की कलाकारी को देखने में मशगूल हो जाते थे।1928 में एम्सटर्डम में हुए ओलिंपिक खेलों में वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उस टूनामेंट में ध्यानचंद ने 14 गोल किए।





# आत्म कल्याण हेतु धर्म के दस लक्षण अपनायें

धर्म जीवन का आधार माना है । जैन धर्म में दस लक्षण पर्व या पयुर्षण पर्व का सर्वाधिक महत्व माना गया है जैन संस्कृति के अनुसार यह पर्व वर्ष में तीन बार भांदो, माघ, और चैत्र के महिने में शुक्ल पक्ष की पंचमी से चतुर्दशी तक 10 दिन मनाये जाते है मगर भाद्र पद माह में इस पर्व को जोरशोर से भक्ति भाव से मनाया जाता है । जैन धर्म के दिगम्बर श्वेतांबर दोनो संप्रदायों में इस पर्व को मनाने की प्राचीन परंपरा है । श्वेतांबर समाज भाद्र पद कृष्णा त्रयोंदषी से भाद्र पद शुक्ला पंचमी तक सिर्फ 8 दिन मनाते है । जबकि दिगम्बर समाज में दस दिन मनाने का प्रचलन है ।

प्रर्युषण जैन संस्कृति का जगमगाता महापर्व है । पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव, भौतिकता की चकाचौंध में मानव धर्म साधना एवं आध्यात्मिकता से विमुख हो रहा है । त्याग और तपस्या को भूलकर निरन्तर भोग विलास में लिप्त है । जैन धर्म कहता है विभाव में लिप्त मानव को स्वभाव में लाने दस वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का ज्ञान कराना आवश्यक है । आचार्य कुन्द कुन्द स्वामी के अनुसार उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रम्हचर्य का संकल्प पूर्वक पालन विभाव को समाप्त कर स्वभाव में व्यक्ति को आकर्षित करने की सरल विधियां है । इन दस लक्षण धर्मों को हम जानने का प्रयास करें-

(1) उत्तम क्षमा धर्म-

मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूं, सभी जीव मुझे क्षमा करे, सब जीवों के प्रति मेरे मन में मैत्री हो किसी के प्रति भी बैर न हो । किसी से कलह न हो, अगर हो जाये तो उसका तत्काल निराकरण करें । कलह को बैर में न बदलें यही गृहस्थ की उत्तम क्षमा है ।




(2) उत्तम मार्दव धर्म-

आचार्य समन्तभद्र कहते है कि हम सबके मन में आठ फन बाला एक भयंकर विषघर बैठा है जो कुल जाति, रूप ज्ञान, धन, बल, वैभव और ऐश्वर्य के अभिमान से आत्मा को जड़ता की ओर आकर्षित करता है । इन आठ मद के अधीन हो मनुष्य अपना सर्वस्व खो रहा है । मार्दव धर्म इनसे बचने की हमें प्रेरणा देता है इन पर अभिमान करना अज्ञान है ।

(3) उत्तम आर्जव धर्म-

मदिरा का पात्र सौ बार अग्नि में तपाने पर भी शुद्ध नहीं होता है । अतएव कुटिलता, मायाचारी और कपट पूर्ण व्यवहार से बचने की प्रेरणा आर्जव धर्म हमे देता है । आर्जव धर्म कहता है सरलता और सदाचार को अपने जीवन का आदर्श बनाकर चलें । तभी आत्म कल्याण होंगा । दूसरों को ठगने वाला कभी सुखी नहीं हो सकता ।

(4) उत्तम शौच धर्म -

अपेक्षा है धन की आवश्यकता और अनिवार्यता के अन्तर को समझने की । धन जीवन का साध्य नही है । धन को जीवन निर्वाह का साधन मानकर चलना चाहिये। मुनि प्रमाण सार जी कहते है जीवन निर्वाह के लिये आवश्यक धन का संचय करो, पर उसे आसक्ति के रूप में मत लो यह उत्तम शौच धर्म है ।

(5) उत्तम सत्य धर्म-

सत्य का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता । सत्य को परमेश्वर कहा है । हम सत्य का अनुभव कर सकते है, उसका साक्षात्कार कर सकते है । सत्य की उपलब्धि ही परमात्मा की उपलब्धि है । यही उत्तम सत्य धर्म है ।

(6) उत्तम संयम धर्म-

मन पर विजय पाना, विपरीत मार्ग की ओर बढ़ रही मन की प्रवृतियों को मोड़कर उन्हे सन्मार्ग की आरे ले जाने की प्रेरणा उत्तम संयम धर्म हमे देता है । विषयों की ओर आसक्ति, वासना, कषाय आदि के त्याग की प्रेरणा हमें उत्तम संयम धर्म देता है ।

(7) उत्तम तप धर्म-

आत्मा की अभिव्यक्ति ही परमात्मा की उपलब्धि है । स्वर्ण पाषाण को अग्नि में तपाया जाता है तो उसकी कालिमा गलाकर स्वर्ण का शुद्ध रूप निखर जाता है ! वह हमारे गले का हार बन जाता है । इसी प्रकार जो व्यक्ति तप अनुष्ठान करता है उसकी आत्मा कुन्दन बन जाती है यही उत्तम तप धर्म है ।

(8) उत्तम त्याग धर्म-

धन ही जिनके जीवन का एक मात्र लक्ष्य है वे सारे जीवन धन संग्रह करते रहते है । और जीवन के अन्त में सब कुछ यही छोड़कर चले जाते है । व्यक्ति कितना ही धनवान हो यदि वह अपनी सम्पत्ति का सद्उपयोग करना नही जानता, उससे अभागा कोई नही है । कंजूसी कंगाली की पहचान है । उत्तम त्याग धर्म हमे दान देने की प्रेरणा देता है । हमे जीवन में दान करने की आदत डालना चाहिये ।

## संपादकीय

# भगवान गणेश के भक़्त संत तुकाराम के नाम संत तुकाराम गणपति

संत तुकाराम गणपति उन उदाहरणों को संदर्भित करता है जहाँ हिंदू देवता गणपति (गणेश) को भक्ति संत संत तुकाराम से जोड़ा गया है, अक्सर गणपति उत्सवों के लिए समर्पित विषयों, कलात्मक चित्रणों, या यहाँ तक कि एक प्रसिद्ध भक्ति कविता (अभंग) के माध्यम से जहाँ तुकाराम गणपति को सर्वोच्च देवता के रूप में वर्णित करते हैं। हालाँकि संत तुकाराम मुख्य रूप से भगवान विट्ठल के भक्त थे, उनके भक्ति मार्ग में गणपति को प्राथमिक देवता के रूप में स्वीकार करना शामिल था।

गणेश उत्सव के दौरान, कुछ सज्जाकार संत तुकाराम से संबंधित विषय तैयार सजावट के रूप में उपयोग करने के लिए बनाते हैं, जैसे कि गणपति सजावट के लिए श्री संत तुकाराम महाराज विषय।:ऐसे और भी देवताओ जैसे हनुमान, भगवान राम, कृष्ण, साईं से जोड़कर भी बनाया जाता है लेकिन अधिकांश जगहों पर संत तुकाराम गणपति ही देखने को मिलता है संत हमेशा एक फलदार पेड़ की तरह होते हैं जो परमार्थ के लिए सभी का कल्याण करते हैं कलाकार संत तुकाराम से मिलाकर अनूठी कलाकृतियाँ भी बनाते हैं जो गणपति को संत तुकाराम से प्रेरित या उनके तत्वों को शामिल करते हुए दशार्ती हैं, जैसा कि पर्यावरण-अनुकूल गणपति कला में देखा जा सकता है।ओंकारा प्रधानः संत तुकाराम ने ओंकार प्रधान नामक एक प्रसिद्ध भक्ति कविता (अभंग) लिखी, जिसमें उन्होंने गणेश को ब्रह्मांड के आदि, दिव्य रूप के रूप में वर्णित किया है। कविता म्याबाप तो है गजानन पंक्ति से शुरू होती है, जिसका अर्थ है परमपिता ये गजानन हैं (गणेश)।तुकाराम महाराज 17वीं शताब्दी के महाराष्ट्र भक्ति मिशन के एक संत कवि थे। वह एक सम्मानाधिकारी थे, व्यक्तिगत वारकरी धार्मिक समुदाय के सदस्य थे। तुकाराम अपने अभंग और भक्ति कविताओं के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने अपने समुदाय में भगवान की भक्ति के बारे में कई आध्यात्मिक गीत गाए हैं, जिन्हें स्थानीय तौर पर कीर्तन कहा जाता है। तुकाराम का जन्म 1608 में पुणे जिले के देहु नामक गाँव में हुआ था; उनकी जन्मतिथि के बारे में विद्वानों में मतभेद है और सभी दृष्टिकोणों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनका जन्म 1608 में हुआ था। उनके परिवार में तत्कालीन आठवें पुरुष विश्वंभर बाबा से विट्ठल की पूजा जारी रही। उनके कुल के सभी लोग नियमित (वारी) पंढरपुर जाते थे। देहू गाँव के साहूकार होने के कारण उनका परिवार वहाँ सम्मानित माना जाता था।उनका बचपन उनकी माँ कनकई और पिता बोल्होबा की देखरेख में बहुत ही सावधानी से बीता, लेकिन जब वे लगभग 18 वर्ष के थे, तो उनके माता-पिता की मृत्यु हो गई और उसी समय उनकी पहली पत्नी और नवजात शिशु की भीषण सूखे के कारण भूख से मृत्यु हो गई। देश। इन मुसीबतों की कहानियाँ झूठी हैं। यह लिखना झूठ है कि संत तुकाराम उन दिनों बड़े जमींदार और साहूकार थे। उनकी दूसरी पत्नी जीजाबाई बहुत तेज स्वभाव की थीं। वह सांसारिक सुखों से विरक्त हो गये। मन की शांति पाने के विचार से तुकाराम प्रतिदिन देहू गाँव के पास भवनाथ नामक पहाड़ी पर जाते थे और विट्ठल की याद में दिन बिताते थे।उनका परिवार कुनबी समुदाय से था। तुकाराम के परिवार का अपना खुदरा और साहूकारी व्यवसाय था, साथ ही खेती और व्यापार भी था। उनके पिता विठोबा के भक्त थे, जिन्हें हिंदू धर्म में भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है।

## (विचार-मंथन)

### अदाणी-अंबानी ओर मोदी ट्रंप के वर्चस्व में फंसा भारत

कॉर्पोरेट वार का असर राजनीति एवं व्यापार में

भारत की राजनीति और कॉर्पोरेट जगत का रिश्ता हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। उद्योगपतियों और सत्ता के बीच के समीकरणों ने कई बार सरकार की नीतियों को प्रभावित किया है। मौजूदा दौर में यह रिश्ता केवल व्यापारिक एवं राजनीतिक समीकरणों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि सीधी टकराहट की शक्ल लेता हुआ दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वंतारा जू मामले में एसआईटी का गठन और उसमें वित्तीय व कानूनी अनियमितताओं की जांच का जो आदेश दिया है उसके बाद यह टकराव सतह पर आ गया है। अनिल अंबानी के घर और कार्यालयों में ईडी और सीबीआई के छापे वर्चस्व की लड़ाई के रूप में देखे जा रहे है। मुकेश अंबानी का नाम भारत में सबसे प्रभावशाली कॉर्पोरेट घराने के रूप में लिया जाता है। यह भी कहा जाता है, 2012 में मुकेश अंबानी के कारण ही भारत के राजनीति की दिशा बदली। प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का नाम सामने आया। उस समय कॉरपोरेट जगत और अमेरिका ने वैश्विक व्यापार संधि को लेकर जो अवरोध भारत में बने थे। उसको ठीक करने के लिए अमेरिका की सरपरस्ती और रिलायंस की ताकत के बल पर 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे। रिलायंस समूह दूरसंचार से लेकर पेट्रोलियम और रिटेल तक हर क्षेत्र में फेला हुआ है। जब अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा थे उसे समय मुकेश अंबानी का व्यापार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी तेजी के साथ फैला था। मुकेश अंबानी और रिलायंस समूह की राजनीतिक प्रशासनिक एवं न्यायपालिका से नजदीकियां हमेशा सुर्खियों में रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार रिलायंस के मंच पर पंहुचे। जियो लॉन्च से लेकर अस्पताल उद्घाटन के कार्यक्रम में मोदी पहुंचे। अब तस्वीर तेजी के साथ बदल रही है। अदालत के हस्तक्षेप और जांच एजेंसियों की सक्रियता ने संकेत दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के संबंध इन दिनों ठीक नहीं चल रहे हैं। कॉर्पोरेट ताकत पर सियासी नियंत्रण का दौर शुरू हो गया है। इसके पीछे जो मुख्य कारण बताया जा रहा है उसमें ट्रंप के नजदीकी सलाहकार के रूप में मुकेश अंबानी ने अपनी भूमिका तय कर ली है वहीं गौतम अडानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी नजदीक हैं। टैरिफ बार को लेकर ट्रंप और मोदी जी के बीच में जो तनातनी चल रही थी। उसमें मोदी जी को शायद लगता था, मुकेश अंबानी उनकी मदद करेंगे। लेकिन मुकेश तटस्थ रहे, यह तटस्थता गौतम अडानी को लेकर थी।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेष:** आज आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप जीवनसाथी के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप कहीं बाहर घूमने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपको अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप किसी से बेवजह के लड़ाई-झगड़े में ना पड़ें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और जिम्मेदारियों को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी आय के सोर्सो को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने अनुभवों का कार्यक्षेत्र में पूरा लाभ मिलेगा। आपकी कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रेम और सहयोग के भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपकी संतान नौकरी के लिए कहीं बाहर जा सकती है। यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न, हो तो आप उसमें चुप लगाएं।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में टेंशन भरपूर रहेगी, क्योंकि बिजनेस में आपको कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपका स्वभाव चिड़चिड़ा रहेगा। बेवजह क्रोध करने की आदत के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको कोई लेनदेन बहुत ही समझदारी से करना होगा। आपके किसी सहयोगी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने के पूरे संभावना है। परिवार में किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।इसलिए आप थोड़ा सतर्क रहे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको अपने कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी, लेकिन आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें और सेहत पर आप थोड़ा ध्यान दें, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती हैं। आप बिजनेस में अपने पिताजी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद बढ़ सकता है।आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंह:** आज आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको बिजनेस में भी अप्रत्याशित लाभ मिलने से आपका मन भी काफी खुश रहेगा, लेकिन आपको धन संचय करने के बारे में भी प्लानिंग करनी होगी, क्योंकि आप दिखावे के चक्कर में पड़कर काफी धन बर्बाद करेंगे। आपकी कला-कौशल में भी निखार आएगा। आपको स्क्रीन से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती हैं। किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्या:**आज आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको बिजनेस में भी अप्रत्याशित लाभ मिलने से आपका मन भी काफी खुश रहेगा, लेकिन आपको धन संचय करने के बारे में भी प्लानिंग करनी होगी, क्योंकि आप दिखावे के चक्कर में पड़कर काफी धन बर्बाद करेंगे। आपकी कला-कौशल में भी निखार आएगा। आपको स्क्रीन से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती हैं।जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुला:**आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी कोई अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है, जो आपके सिरदर्द को कम करेगी, लेकिन आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आपका कोई पुराना लेन-देन यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको कानूनी मामलों को लेकर लापरवाही नहीं दिखानी है। आप अपने शारीरिक समस्याओं को लेकर किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं संतान को आप कोई गिफ्ट दे सकते हैं। किसी नए घर, मकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर सिर दर्द बना रहेगा।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। जीवनसाथी का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप किसी भाई बहन से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पुरानी पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपके मन में निराशा हो सकती है, लेकिन आप अपने हिम्मत से पीछे न हटें और अपने कामों को धैर्य रखकर निपटाने की कोशिश करें।संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद बढ़ सकता है।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनु:**आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने विरोधियों को मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपकी किसी बात से आज परिवार में बेवजह का लड़ाई झगड़ा खड़ा हो सकता है और प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई बड़ी डील फाइनल करेंगे और जिससे आपकी खुशियों का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। सामाजिक कामों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।लेकिन आपको धन संचय करने के बारे में भी प्लानिंग करनी होगी

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकर:** आज का दिन आपके लिए कोई निवेश बहुत ही सोच समझकर करने के लिए रहेगा। कामकाज में आपकी काफी रुचि रहेगी। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी, जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आप अपने घर के साथ-साथ कुछ नयी वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा, जिसका असर आपके कामों पर पड़ेगा, लेकिन आपको ऐसा नहीं करना है।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभ:**आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। आप अपने ऑफिस के कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो इससे आपके बॉस से आपकी बहसबाजी होने की संभावना है। किसी दूर रह गए परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपके मन में निराशा हो सकती है

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके लंबे समय से रुके हुए काम करने में भी आसानी होगी। आपके विरोधी भी आपके मित्र बन सकते हैं, जिन्हें देखकर आपको खुशी होगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।आपकी किसी बात से आज परिवार में बेवजह का लड़ाई झगड़ा खड़ा हो सकता

# सोनू सूद से भारती सिंह और अंकिता लोखंडे तक, पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ सेलेब्स ने किया बप्पा का स्वागत





गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है. बॉलीवुड सितारे भी गणेश उत्सव के रंग में रग गए हैं और पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ बप्पा का स्वागत कर रहे हैं. बुद्धि, समृद्धि और नई शुरुआत के देवता भगवान गणेश के सम्मान में मनाए जाने वाले इस उत्सव में, भक्त पंडाल सजाते हैं और ढोल-नगाड़ों, संगीत और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बप्पा का घरों और समुदायों में स्वागत करते हैं और रोज होने वाले मंत्रोच्चार, आरती और प्रार्थनाएं, मीठे मोदक और लड्डुओं की सुगंध से भरपूर, ग्यारह दिनों तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत करते हैं. वहीं इस बार बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद से लेकर कॉमेडियन भारती सिंग और टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने बप्पा का अपने घर में स्वागत किया.

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने अपने घर पर गणपति बप्पा का स्वागत करके उत्सव की शुरुआत कीय सोशल मीडिया पर कई वीडियोज़ में अभिनेता बप्पा की मूर्ति को अपनी कार में रखते और आरती करते नज़र आ रहे हैं, जो उनकी भक्ति और उत्सव की भावना को दर्शाता है.

भारती और हर्ष भी गणपति बप्पा को घर लाए


कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिम्बाचिया ने भी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी से पहले बप्पा का स्वागत किया. वायरल हो रहे वीडियो में हर्ष और भारती अपने बेटे गोला के साथ गणपति की मूर्ति घर लाते हुए दिख रहे हैं. वे मूर्ति की पूजा करते हुए भी नजर आते हैं. जिससे उनका घर भक्ति और खुशी से भर गया. पर्यावरण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए, भारती और हर्ष हर साल बायोडिग्रेडेबल मिट्टी की मूर्तियां चुनते हैं. भारती सिंह और उनके पति हर्ष अक्सर सोशल मीडिया पर अपने उत्सव की झलकियां शेयर करते हैं.

सोनू सूद, भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया ही पूरी श्रद्धा के साथ बप्पा को घर नहीं लाए अंकिता लोखंडे भी अपनी मां के साथ बप्पा का स्वागत करती दिखीं. वायरल हो रही वीडियो में एक्ट्रेस पहले गणपति की मूर्ति को टीका लगाती हैं. फिर वे उनकी पूजा करती दिखती हैं. बप्पा को घर लाने की खुशी अंकिता के चेहरे पर साफ झलक रही थी।

# आलिया भट्ट ने तोड़ी चुप्पी वायरल वीडियो को बताया निजता का उल्लंघन




पिछले कुछ सालों से, हम सभी बॉलीवुड अभिनेता आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के वीडियो देखते आ रहे हैं, जिनमें वे अक्सर अपनी बेटी राहा या रणबीर कपूर की माँ नीतू कपूर के साथ पाली हिल स्थित अपने नए बंगले का दौरा करते नज़र आते हैं। राज कपूर की प्रसिद्ध कृष्णा राज संपत्ति पर बने इस छह मंजिला बंगले का निर्माण पिछले तीन सालों से चल रहा है। लेकिन हाल ही में ?50 करोड़ के इस घर का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ, जिसके बाद ऐसी खबरें आईं कि रणबीर और आलिया अपनी बेटी के साथ इस नए घर में शिफ्ट हो गए हैं। खैर, अब आलिया ने एक आधिकारिक बयान जारी कर अपने घर के सार्वजनिक होने की निंदा की है और निजता के हनन की निंदा की है।



# सारा का सपना हुआ साकार

## मुंबई में शुरू किया पिलेट्स स्टूडियो



विश्व के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा ने अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया है। उन्होंने मुंबई में अपना खुद का पिलेट्स स्टूडियो खोला, जिसे देखकर सचिन और उनके फैंस दोनों गर्व महसूस कर रहे हैं। सचिन ने सोशल मीडिया पर इस खास मौके की तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह अपनी पत्नी अंजली के साथ स्टूडियो का फीता काटते नजर आए।सचिन ने अपनी बेटी की मेहनत की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि सारा ने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपना सपना साकार किया । पिलेट्स स्टूडियो एक ऐसा खास जगह है, जहां लोग अपनी बॉडी की स्ट्रेंथ, फ्लेक्सिबिलिटी और पोस्चर सुधारने के लिए पिलेट्स करते हैं। सचिन ने कहा कि हमारी जिंदगी में न्यूट्रिशन और मूवमेंट हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं, और यह देखकर अच्छा लगता है कि सारा ने इसे अपनी आवाज़ में आगे बढ़ाया।

एक माता-पिता के रूप में, आप हमेशा यही उम्मीद रखते हैं कि आपके बच्चे वह काम ढूंढें जो उन्हें सच में पसंद हो। सारा को पिलेट्स स्टूडियो खोलते देखना हमारे लिए ऐसे खास पलों में से एक है, जो हमारे दिल को खुशी से भर देता है, सचिन ने सोशल मीडिया पर लिखा सारा, हमें तुम पर गर्व है । इस नई यात्रा की शुरुआत के लिए तुम्हें ढेरों बधाइयाँ, उन्होंने जोड़ा।

### सारा का सपना और मेहनत की कहानी

सारा तेंदुलकर का सपना हमेशा से फिटनेस और हेल्थ से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने सपनों को सिर्फ सोचकर नहीं छोड़ा बल्कि उसे पाने के लिए लगातार मेहनत की। सचिन ने बताया कि सारा ने हर कदम सावधानी और धैर्य से उठाया और अपनी मेहनत को लगन के साथ धीरे-धीरे हासिल किया और आज इस मुकाम तक पहुंची। यह स्टूडियो सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि सारा की लगन और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी गहरी समझ और प्यार को इस स्टूडियो में दिखाया, जो अब मुंबई के लोगों के लिए हेल्थ और वेलनेस का नया सेंटर बन गया है।पिलेट्स स्टूडियो एक खास जगह है जहां लोग अपनी बॉडी को स्ट्रॉन्ग और फ्लेक्सिबल बनाने के लिए एक्सरसाइज करते हैं। यहां प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर हर क्लाइंट की जरूरत के अनुसार एक्सरसाइज कराते हैं। क्द्यड्डह्लद्गह्य एक लो-इंपैक्ट एक्सरसाइज है जो पोस्चर सुधारने, कोर स्ट्रेंथ बढ़ाने और शरीर की बैलेंस को बेहतर बनाने में मदद करती है। स्टूडियो में रीफॉर्मर, मैट्स और रेसिस्टेंस टूल्स जैसे इक्विपमेंट्स मौजूद हैं, जो एक्सरसाइज को आसान और प्रभावी बनाते हैं।

### सारा का संदेश- फिटनेस और हेल्थ का महत्व

सारा का कहना है कि फिट रहना सिर्फ शरीर के लिए नहीं बल्कि ब्रेन और लाइफस्टाइल के लिए भी जरूरी है। पिलेट्स स्टूडियो खोलकर उन्होंने लोगों को फिटनेस और हेल्थ के महत्व के बारे में जागरूक करने का संदेश दिया। उनकी मेहनत और समर्पण यह दिखाता है कि अगर हम अपने सपनों के लिए लगातार मेहनत करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। स्टूडियो में आने वाले लोग न केवल बॉडी फिट करते हैं, बल्कि अपनी रोज़मर्रा की जिंदगी में भी एनर्जी और बैलेंस महसूस करते हैं।



# ऋतिक रोशन के घर में रहेंगी सबा आजाद

**एक्टर ने गर्लफ्रेंड को किराए पर दिया 3 BHK अपार्टमेंट**

ऋतिक रोशन इन दिनों फिल्म वॉर 2 को लेकर खबरों में हैं. ऋतिक पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में अच्छे से बैलेंस बनाकर चलते हैं. ऋतिक एक्ट्रेस सबा आजाद को डेट कर रहे हैं. खबरें हैं कि ऋतिक ने अपनी जुहू वाली सी-फेसिंग लग्जरी प्रॉपर्टी गर्लफ्रेंड सबा को किराए पर दे दी है. वो इस प्रॉपर्टी से 75 हजार रुपये महीने किराया लेंगे. ऋतिक का 3 क्चाय अपार्टमेंट 1,000-1,300 स्क्वायर फीट का है और इसका किराया आमतौर पर 1 से 2 लाख रुपये प्रति महीने है. ये अपार्टमेंट मन्नत अपार्टमेंट्स में है. अक्टूबर 2020 में ऋतिक रोशन ने बिल्डिंग की तीन मंजिलें, जिनमें 18वीं मंजिल और 19वीं और 20वीं मंजिल पर एक डुप्लेक्स शामिल है. ऋतिक ने ये प्रॉपर्टी 97.5 करोड़ में खरीदी थी. डॉक्यूमेंट्स से पता चला कि 4 अगस्त 2025 के लीव एंड लाइसेंस एग्रीमेंट के अनुसार, 1.25 लाख डिपोजिट दिया गया है. ऋतिक या सबा की तरफ से इसे लेकर कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है.बता दें कि 2020 में एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक रोशन ने बिल्डर समीर भोजवानी से दो रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स तैयार किए थे. इसमें एक डुप्लेक्स के लिए और दूसरा दूसरे अपार्टमेंट के लिए. ऋतिक की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने सुजैन खान के साथ शादी की थी. 2000 में उन्होंने शादी की थी।

# श्रीदेवी की संपत्ति पर विवाद

## बोनी कपूर ने मद्रास हाई कोर्ट में दर्ज कराई याचिका

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की चेन्नई स्थित एक संपत्ति को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। उनके पति और फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया है, आरोप लगाया है कि तीन लोग इस संपत्ति पर अवैध रूप से अपना दावा जता रहे हैं।बोनी कपूर के अनुसार, यह विवाद चेन्नई के ईस्ट कोस्ट रोड पर स्थित एक फार्महाउस को लेकर है, जिसे श्रीदेवी ने 19 अप्रैल 1988 को एम.सी. संबंदा मुदलियार नामक व्यक्ति से खरीदा था। कपूर ने अदालत को बताया कि उस समय परिवार में फरवरी 1960 में एक संपत्ति बंटवारे का समझौता हुआ था, जिसके तहत श्रीदेवी ने यह जमीन पूरी तरह कानूनी तरीके से खरीदी थी।

हाल ही में, तीन लोग इस संपत्ति पर मालिकाना हक जताने लगे। इनमें से एक महिला का दावा है कि वह मुदलियार के एक बेटे की दूसरी पत्नी है, और बाकी दो उसके बेटे हैं। बोनी कपूर ने अपनी याचिका में बताया कि उस महिला की शादी 5 फरवरी 1975 को हुई थी, जबकि मुदलियार के बेटे की पहली पत्नी 24 जून 1999 तक जीवित थीं। कपूर का तर्क है कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत यह दूसरी शादी कानूनी रूप से अवैध है।

बोनी कपूर ने इन तीनों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने कोर्ट से सवाल किया है कि इन लोगों को कानूनी वारिस का प्रमाण पत्र कैसे जारी किया गया। कपूर ने कोर्ट से इस प्रमाण पत्र को रद्द करने और संपत्ति के हस्तांतरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एन. आनंद वेंकटेश ने तामबरम तालुका तहसीलदार को इस मामले की जांच करने और चार हफ्तों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। इस मामले ने एक बार फिर से श्रीदेवी के प्रशंसकों का ध्यान खींचा है, और सभी की नजरें अदालत के फैसले पर टिकी हैं।





# मंदिर हिन्दुओं का पावन स्थल, कोई धर्मनिरपेक्ष स्थान नहीं; कांग्रेस के कदम पर भड़कीं केंद्रीय मंत्री



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित लेखिका बानू मुश्ताक को मैसूरू के मशहूर दशहरा उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करने के लिए बुलाने के फैसले पर रार छिड़ा हुआ है। यह मामला राज्य में अब कांग्रेस बनाम भाजपा की सियासी लड़ाई बनती जा रही है।

अब केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी इस राजनीतिक लड़ाई में कूद पड़ी हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार द्वारा इस आमंत्रण के समर्थन में की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। करंदलाजे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबे पोस्ट में लिखा है, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की यह टिप्पणी कि चामुंडेश्वरी मंदिर सिर्फ हिंदुओं की संपत्ति नहीं है, बहुत ही निंदनीय है।

उन्होंने आगे लिखा, ऐसा लगता है कि वह कांग्रेस आलाकमान को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि कर्नाटक विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना पढ़ने के लिए लगाए गए फटकार की भरपाई कर सकें। कांग्रेस पार्टी का लहजा, तेवर और रुख हमेशा से हिंदू विरोधी और हिंदू हितों के खिलाफ रहा है।

## चामुंडेश्वरी मंदिर केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं: डीके

एक दिन पहले जब इस विवाद पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार से पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि मैसुरू स्थित चामुंडी हिल, जहां प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर स्थित है, केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। शिवकुमार ने यह बयान अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित बानू मुश्ताक को इस वर्ष 22 सितंबर को चामुंडी हिल की चोटी पर विश्व प्रसिद्ध मैसुरू दशहरा- 2025 समारोह का उद्घाटन करने के लिए दिए गए सरकारी निमंत्रण के विरोध पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिया।

### कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

शिवकुमार ने कहा, ''चामुंडी हिल और देवी चामुंडी हर धर्म की हैं, यह केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। सभी समुदायों के लोग चामुंडी हिल जाते हैं और देवी की पूजा करते हैं, यह उनकी आस्था है। हम चर्च, जैन मंदिर, दरगाह, गुरुद्वारे जाते हैं... यह (मुश्ताक का विरोध) पूरी तरह से राजनीति है।'' शिवकुमार ने कहा था, हिंदू मंदिरों में अल्पसंख्यक भी जाते हैं। हम मस्जिदों और चर्चों में भी जाते हैं। इसे कौन रोक सकता है? उनके इस बयान पर विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने भी कहा कि चामुंडी पहाड़ी पक्के तौर पर हिंदुओं की संपत्ति है, मुसलमानों की नहीं। मैसुरू के सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार ने भी शिवकुमार के बयान की निंदा की है।

### मंदिर धर्मनिरपेक्ष स्थान नहीं

केंद्रीय मंत्री ने लिखा है, जो लोग धर्मनिरपेक्षता का उपदेश देते रहते हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि मंदिर धर्मनिरपेक्ष स्थान नहीं हैं, बल्कि वे पवित्र संस्थान हैं जिनका अधिकार हिंदुओं का है। भाजपा नेता ने लिखा है, कांग्रेस पार्टी ने अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने बानू मुश्ताक को मैसूर दशहरा के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया, जो खुलेआम हमारे देवताओं को अस्वीकार करती हैं और अब उनके उप-मुख्यमंत्री यह कहने का साहस कर रहे हैं कि चामुंडी हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। क्या यही कर्नाटक की आस्था और परंपराओं के प्रति उनका सम्मान है?



## निजी संस्थानों में अब 10 घंटे की ड्यूटी? देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट में 5 बड़े बदलावों पर चर्चा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को अब प्रतिदिन 9 की जगह 10 घंटे काम करने पड़ सकते हैं। काम के घंटे बढ़ाने का एक प्रस्ताव मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग के सामने रखा गया, जिस पर खूब चर्चा हुई। खबर है कि महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार महाराष्ट्र दुकान और प्रतिष्ठान (रोजगार और सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 में महत्वपूर्ण बदलाव करके निजी संस्थानों में कर्मचारियों के अधिकतम कार्य घंटों को वर्तमान नौ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे प्रतिदिन करने की योजना बना रही है, जो राज्य भर में दुकानों, होटलों और मनोरंजन स्थलों जैसे स्थानों में लागू होगा और वहां कार्यरत कर्मचारियों के लिए काम के घंटों को नियंत्रित करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग में राज्य के श्रम विभाग ने इस कदम पर एक प्रस्तुति दी। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि इस पर चर्चा के दौरान, मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव पर और स्पष्टता की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रम विभाग 2017 के कानून में लगभग पाँच बड़े बदलाव करने पर विचार कर रहा है, जिनमें सबसे अहम काम के घंटों में बढ़ोत्तरी है।

### एक बार में अधिकतम 6 घंटे काम

श्रम अधिनियम की धारा 12 में प्रस्तावित संशोधन में कहा गया है, किसी भी वयस्क कर्मचारी को किसी भी प्रतिष्ठान में किसी भी दिन 10 घंटे से ज़्यादा काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, इसमें यह भी प्रस्तावित किया गया है कि किसी भी वयस्क को एक बार में छह घंटे से ज़्यादा काम करने की अनुमति तभी दी जाएगी, जब उसे उसी दौरान आधे घंटे का ब्रेक मिलेगा। फिलहाल, कोई कर्मचारी एक बार में अधिकतम पाँच घंटे ही काम कर सकता है। श्रम विभाग ने प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए ओवरटाइम की अवधि को तीन महीनों में 125 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे करने का भी प्रस्ताव रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फाजिलपुरिया के दुश्मनों संग गुरुग्राम में पुलिस की भीषण मुठभेड़, 4 को लगी गोली



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम-पटौदी रोड पर गांव वजीरपुर के समीप गुरुग्राम पुलिस और बदमाशों के मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में चार आरोपियों को गोली लगी हैं। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने कुल पांच बदमाशो को दबोचा। मुठभेड़ में 18 राउंड फायर हुए हैं। यह मुठभेड़ मंगलवार रात को सवा 12 बजे हुई। अपराध शाखा, मानेसर और सेक्टर-43 के अलावा एसटीएफ टीम की तरफ से संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। पुलिस को जानकारी मिली थी कि रोहित शौकिन हत्याकांड में वांछित आरोपी और सिंगर राहुल फाजिलपुर पर गोली चलाने वाले आरोपी गांव वजीरपुर के समीप से निकलेंगे। नाकाबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। इसके बाद मुठभेड़ में पांच आरोपियों में से चार आरोपियों को गोली लगी है। चारों आरोपियों को सेक्टर-10 के अस्पताल में दाखिल करवाया है। आरोपी गौतम को गोली नहीं लगी है। इसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर-10ए में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर सुनील सराधानिया और दीपक नांदल के यह गुर्गे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में निकले थे। इस मुठभेड़ में दो पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। इन्होंने बुलेट प्रूफ जैकेट डाली हुई थी। जिन शूटरों को गोली लगी है, उनकी पहचान झज्जर निवासी विनोद पहलवान, सोनीपत निवासी पदम उर्फ राजा, शुभम उर्फ काला, आशीष उर्फ आशू के रूप में हुई है। गौतम उर्फ गोगी को गोली नहीं लगी है। बता दें कि जुलाई महीने में एसपीआर पर सेक्टर-70 इलाके में सिंगर राहुल फाजिलपुर पर गोली चली थी। इसमें इन्हीं बदमाशों का हाथ बताया जा रहा है। चार अगस्त को फाजिलपुरिया के साथी रोहित शौकिन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन दोनों वारदातों को अंजाम देने की जिम्मेदारी गैंगस्टर सुनील सरधानिया और गैंगस्टर दीपक नांदल ने ली थी। यह दोनों फिलहाल विदेश में बैठकर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### चामुंडी हिल और देवी चामुंडी हर धर्म की हैं, यह केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है: डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि मैसुरू स्थित चामुंडी हिल, जहां प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर स्थित है, केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। इस बयान पर विपक्षी दल भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शिवकुमार ने यह बयान अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार से सम्मानित बानू मुश्ताक को इस वर्ष 22 सितंबर को चामुंडी हिल की चोटी पर विश्व प्रसिद्ध मैसुरू दशहरा-2025 समारोह का उद्घाटन करने के लिए दिए गए सरकारी निमंत्रण के विरोध पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दिया। शिवकुमार ने कहा, चामुंडी हिल और देवी चामुंडी हर धर्म की हैं, यह केवल हिंदुओं की संपत्ति नहीं है। सभी समुदायों के लोग चामुंडी हिल जाते हैं और देवी की पूजा करते हैं, यह उनकी आस्था है। हम चर्च, जैन मंदिर, दरगाह, गुरुद्वारे जाते हैं... यह (मुश्ताक का विरोध) पूरी तरह से राजनीति है। शिवकुमार के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा, चामुंडी पहाड़ी पक्के तौर पर हिंदुओं की संपत्ति है, मुसलमानों की नहीं। मैसुरू के सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार ने भी शिवकुमार के बयान की निंदा की। भाजपा नेताओं और अन्य लोगों ने राज्य सरकार द्वारा मुश्ताक को दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने के फैसले पर आपत्ति जताई है। इससे पहले एक वीडियो सामने आया था जिसमें मुश्ताक ने कथित तौर पर कन्नड़ भाषा को 'देवी भुवनेश्वरी' के रूप में पूजने पर आपत्ति जताई थी।



## बंगाल में कांग्रेस टीएमसी का हो सकता है गठबंधन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित वोट चोरी के मुद्दे ने इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया ब्लाक) को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ भी पिघली है। ऐसे में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में गठबंधन की संभावना बढ़ गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) इंडिया गठबंधन का एक मात्र ऐसा घटक दल है, जिनके बीच वर्ष 2024 के चुनाव में कोई समझौता नहीं हुआ था। एक गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग चुनाव लड़ा। लोकसभा चुनाव के बाद तृणमूल ने इंडिया गठबंधन की कमान संभालने की भी इच्छा जाहिर की। वर्ष 2026 में भी तृणमूल कांग्रेस एकला चलो की राह पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फरवरी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इसका ऐलान भी कर दिया था, पर बिहार एसआईआर से तस्वीर बदल गई। चुनाव आयोग कह चुका है कि बिहार के बाद बंगाल में एसआईआर होगा।

## मराठा आरक्षण कार्यकर्ता बगैर इजाजत प्रदर्शन नहीं कर सकते, हाईकोर्ट ने दिया मनोज जरांगे को झटका

**मुंबई , एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे प्राधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। अदालत ने साथ ही कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे एवं न्यायमूर्ति संदीप मार्ने की पीठ ने कहा कि लोकतंत्र और असहमति साथ-साथ चलते हैं लेकिन प्रदर्शन केवल निर्धारित स्थानों पर ही होने चाहिए। पीठ ने कहा कि सरकार इस बारे में निर्णय ले सकती है कि प्रतिवादी (जरांगे) को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के लिए नवी मुंबई के खारघर में कोई वैकल्पिक स्थान दिया जाए या नहीं, ताकि मुंबई में जनजीवन बाधित न हो।



जरांगे ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समूह के तहत मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए महाराष्ट्र सरकार को मंगलवार तक का समय देते हुए कहा था कि ऐसा नहीं होने पर वह मराठा समर्थकों के साथ मुंबई कूच करेंगे और 29 अगस्त को अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक समारोहों और आंदोलन के लिए नए नियमों के तहत अनुमति लेने के बाद शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी (जरांगे और उनके सहयोगी) संबंधित प्राधिकारियों से इसकी अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदन दायर करने के वास्ते स्वतंत्र हैं और इसके बाद सरकार कानून के प्रावधानों के अनुसार इस पर निर्णय ले सकती है। पीठ ने कहा, सरकार प्रतिवादी को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए नवी मुंबई के खारघर में किसी वैकल्पिक स्थान की पेशकश भी कर सकती है ताकि मुंबई शहर में जीवन की गति बाधित न हो। उसने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चित काल तक कब्जा नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि बुधवार से शुरू हो रहे गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान पुलिस शहर की कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभालने में व्यस्त रहेगी। उच्च न्यायालय ने प्रस्तावित आंदोलन को चुनौती देने वाली एमी फाउंडेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत से कहा कि राज्य सरकार शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने के नागरिकों के अधिकार को चुनौती नहीं देती लेकिन इसका इस्तेमाल इस तरह से नहीं होना चाहिए जिससे शहर ठप हो जाए। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान पुलिस बल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने का अत्यधिक बोझ होता है और बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना भारी तनाव एवं गंभीर असुविधा का कारण बनेगा। पीठ ने जरांगे को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा और मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर के लिए निर्धारित कर दी।

## इंडिया गठबंधन की एकता पर सवाल: ब्रजेश पाठक बोले- 11 सीटों पर अलग-अलग क्यों लड़ेगी सपा-कांग्रेस?

**लखनउ, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने इंडिया गठबंधन की एकता पर सवाल उठाया। बृजेश पाठक ने कहा कि एमएलसी की 11 सीटों पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का अलग-अलग चुनाव लड़ना ही इंडिया गठबंधन की असलियत को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल अवसरवाद और सत्ता की लालसा पर आधारित है, इसमें न कोई वैचारिक प्रतिबद्धता है और न ही जनता के लिए कोई गंभीर सोच। ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन प्रचंड मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा और एनडीए के साथ है और यही भारतीय लोकतंत्र की सच्ची ताकत है। दरअसल प्रदेश में एमएलसी की 11 सीटों पर 2026 में होने वाले स्नातक और शिक्षक क्षेत्र के चुनाव की तैयारियां चल रही है। इनमें 5 स्नातक और 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 7 दिसंबर 2026 को समाप्त हो जाएगा।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का बयान अंतर्विरोधों से भरा



हुआ है। उन्हें कांग्रेस के काले इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। यही कांग्रेस है जिसने देश पर आपातकाल थोपकर पूरे भारत को कैदखाने में बदल दिया था। यही नहीं, कांग्रेस ने अलग-अलग समय पर जनता द्वारा चुनी गई 90 राज्य सरकारों को बर्खास्त कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय है, जिसे देश कभी भूल नहीं सकता। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी को आत्मावलोकन की आवश्यकता है। प्रदेश की सत्ता में जब-जब सपा रही, गुंडे और माफिया सत्ता के आशीर्वाद से पनपे। उन्होंने कहा कि उस दौर में पूरा प्रदेश कहता था, देख सपाई, बिटिया घबराई। यही नहीं, सपा के लोग नारा देते थे, समाजवाद का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। विधानसभा सत्र के दौरान दर्जनों गाड़ियों में असलहा भरकर माफिया सदन में पहुंचते थे। उस दौर में उत्तर प्रदेश को अपराधियों का चारागाह बना दिया गया था। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग केवल कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस और सपा दोनों दल जनता को छलने का काम कर रहे हैं। एक ओर वे गठबंधन की बातें करते हैं और दूसरी ओर एमएलसी की 11 सीटों पर अलग-अलग मैदान में उतरते हैं। इससे साफ हो जाता है कि इंडी गठबंधन केवल दिखावा है। यह गठबंधन जनता को भ्रमित करने का एक और प्रयास है, जिसका पर्दाफाश हो चुका है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सुचिता और पारदर्शिता की राजनीति का उदाहरण बनी है। यही कारण है कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हुई है।



## साइकिल से विधानसभा पहुंचे सीएम नायब सैनी, मंत्री और विधायक भी थे साथ

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। विधायक हॉस्टल से मुख्यमंत्री नायब सैनी, मंत्रियों और विधायकों के साथ साइकिल पर सवार होकर विधानसभा पहुंचे। स्पीकर हरविंद्र कल्याण की अपील पर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए सभी विधायकों से साइकिल से आने का अनुरोध किया गया था। साइकिल यात्रा पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि आज हरियाणा के विधायक एमएलए हॉस्टल से साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे हैं। जब युवा नशे से दूर रहेंगे, तो निश्चित रूप से वे और उनका परिवार आगे बढ़ेगा। जब समाज में ऐसा माहौल बनेगा कि हर कोई अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होगा और नशे से दूर रहेगा, तो यह राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से काम कर रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्रियों और विधायकों के साथ साइकिल चलाकर विधानसभा भवन पहुंचे। नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने सभी सदस्यों से साइकिल चलाकर आने की अपील की थी। नशा मुक्ति अभियान के तहत हरियाणा सरकार की साइक्लोथॉन यात्रा भी जारी है।

## बच्चों के आपसी झगड़े में झटका देना बाल उत्पीड़न नहीं; सुप्रीम कोर्ट ने बताया- बाल दुर्व्यवहार में क्या-क्या जरूरी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बच्चे अगर आपस में झगड़ते हैं और उस दौरान एक-दूसरे पर हमला करते हैं या एक -दूसरे से मारपीट करते हैं और उसे देखकर अगर कोई वयस्क बच्चों को झटका देता है तो ऐसे मामूली या आकस्मिक कृत्य बाल उत्पीड़न नहीं हैं और न ही ऐसे मामलों में बाल दुर्व्यवहार का अपराध लगाया जा सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि बाल दुर्व्यवहार की परिभाषा में नुकसान पहुँचाने, क्रूरता करने, शोषण या दुर्व्यवहार का स्पष्ट इरादा झलकना चाहिए और इसमें जानबूझकर क्रूरता या दुर्व्यवहार भी शामिल होना चाहिए। संतोष सहदेव खजनेकर बनाम गोवा राज्य के एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि बिना किसी इरादे के गंभीर दंडात्मक परिणाम लागू करने से



कानून का दायरा अनुचित रूप से बढ़ जाएगा।

**बाल दुर्व्यवहार में क्या-क्या जरूरी? :** बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने अपने फैसले में लिखा, बाल दुर्व्यवहार का अपराध अनिवार्य रूप से किसी बच्चे को नुकसान पहुँचाने, क्रूरता करने, शोषण करने या दुर्व्यवहार करने के इरादे से जुड़ा होता है, जो बच्चों के झगड़े के दौरान किसी आकस्मिक या क्षणिक कृत्य से कहीं अधिक है। जानबूझकर या लगातार दुर्व्यवहार के किसी भी सबूत के बिना, स्कूल बैग से एक साधारण हमला, बाल दुर्व्यवहार के आवश्यक तत्वों को पूरा नहीं करता है। दुर्व्यवहार के स्पष्ट इरादे या आचरण के अभाव में ऐसे गंभीर अपराध के दंडात्मक परिणामों का आह्वान करना, प्रावधान का अनुचित विस्तार होगा।

**12 साल पुराने मामले में टिप्पणी :** टॉप कोर्ट ने 12 साल पुराने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ फरवरी 2013 के उस मामले की सुनवाई कर रही थी, जब गोवा के तिविम स्थित एक स्कूल परिसर में बच्चों के बीच हाथापाई हुई थी। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त/अपीलकर्ता ने अपने ही बेटे के स्कूल बैग से एक बच्चे को मारा, जिससे उसे मामूली चोटें आईं।

**निचली अदालत ने सुनाई थी सजा :** निचली अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुँचाना), 352 (आपराधिक बल का प्रयोग) और 504 (शांति भंग करने के लिए उकसाना) के साथ-साथ गोवा बाल अधिनियम की धारा 8(2) के तहत भी दोषी ठहराया, जो बाल शोषण को अपराध मानता है। इस अधिनियम के तहत उसे एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई, साथ ही अन्य अपराधों के लिए छोटी-छोटी सजाएँ भी सुनाई गईं।

**हाई कोर्ट ने कम कर दी थी सजा :** अपील पर, बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2022 में सजा कम कर दी, यह मानते हुए कि इस कृत्य के लिए कड़ी सजा की जरूरत नहीं है। हालाँकि, उसने सभी प्रावधानों के तहत दोषसिद्धि को बरकरार रखा। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि बिना किसी नुकसान के इरादे से स्कूल बैग से एक बार बच्चे पर वार करना अधिनियम के तहत बाल शोषण नहीं माना जाना चाहिए। अपीलकर्ता ने अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के तहत भी लाभ की मांग की, जिसमें उसने अपनी पृष्ठभूमि का हवाला देते हुए कहा कि वह एक मजदूर है और यह उसका एकमात्र अपराध था।

### सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि रद्द कर दिया

राज्य ने उसका विरोध किया लेकिन कोर्ट ने अभिलेखों की जाँच की और पाया कि बच्चे की जाँच करने वाले चिकित्सा अधिकारी ने स्वीकार किया कि चोटें गिरने से भी हो सकती हैं। न्यायालय ने आगे कहा कि गोवा बाल अधिनियम के तहत बाल दुर्व्यवहार संबंधी प्रावधान क्रूरता, शोषण या निरंतर दुर्व्यवहार से निपटने के लिए है, न कि हाथापाई में आकस्मिक कृत्यों से। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत दोषसिद्धि को भी रद्द कर दिया और कहा कि कथित मौखिक दुर्व्यवहार शांति भंग करने की संभावना वाले उकसावे के बराबर नहीं था।

## अनीष के हाथों से छूटा गोल्ड, एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**शिमकेंट (कजाखस्तान), एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। 22 साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने



35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइक्यून ने जीता। अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। मंगलवार को ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा देश को टीम खिताब भी दिलाया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 72 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में जूनियर स्पर्धाएं भी हो रही हैं। जूनियर निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अब तक 39 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।

## भारतीय फुटबॉल महासंघ पर फिर मंडराया प्रतिबंध का खतरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय फुटबॉल को इस तरह की शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। अगस्त 2022 में फीफा ने भारत को 'तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप' के आरोप में निलंबित कर दिया था। भारतीय फुटबॉल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने संकटग्रस्त अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सख्त चेतावनी दी है कि उसे 30 अक्तूबर तक नया संविधान अपनाना और उसकी पुष्टि करनी होगी या फिर निलंबन का जोखिम उठाना पड़ेगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे को मंगलवार को लिखे दो पन्नों के कड़े पत्र में दोनों अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 2017 से उच्चतम न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद महासंघ द्वारा अपने संविधान को अंतिम रूप देने में विफलता पर 'गहरी चिंता' व्यक्त की। शीर्ष अदालत गुरुवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

## कैरेबियन लीग में एक बॉल पर बने 22 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग में सोमवार रात एक बॉल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वॉरियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने। ओशाने थॉमस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बॉल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बॉल डाली। इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थॉमस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया। इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं।

# अश्विन का आईपीएल से भी संन्यास

### अश्विन ने लिखा- खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत, कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद आईपीएल से भी संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अश्विन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आईपीएल को अलविदा कहने की सूचना दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अश्विन ने लिखा, खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीगों में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं। आईपीएल 2025 में अश्विन सीएसके का हिस्सा थे। टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। ऐसे में अगले सीजन में टीम बड़े बदलावों के साथ उतर सकती हैं। अश्विन के सोशल मीडिया पोस्ट से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह बेशक आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे, लेकिन दूसरी क्रिकेट लीग में खेलते हुए वह दिख सकते हैं। संभवतः वह देश के बाहर खेली जाने वाली टी20 लीग में खेलते दिख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई भारत के अंतरराष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट से जुड़े किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग में खेलने की छूट नहीं देता है। हालांकि, अब अश्विन संन्यास के बाद इन लीग में खेल सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तरह अश्विन का आईपीएल करियर भी शानदार रहा है। 2008 से 2025 के बीच वह चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे हैं।

### 220 आईपीएल मैचों में 833 रन बनाए और 187 विकेट लिए

220 आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।अश्विन ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। आर अश्विन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बेहद यादगार रहा है। उनका नाम विश्व के श्रेष्ठतम ऑफ स्पिनर्स में शुमार किया जाता है। 2010 से 2024 के बीच 106 टेस्ट में 537 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन एक बल्लेबाज के रूप में भी सफल रहे हैं। 6 शतक और 14 अर्धशतक की मदद से उन्होंने 3,503 रन बनाए हैं।

## गंभीर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, हाई कोर्ट ने इस मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर के खिलाफ निचली अदालती कार्यवाही रोकने की याचिका से सहमत नहीं है। गंभीर, उनके फाउंडेशन और परिवार के सदस्यों पर अवैध रूप से कोविड-19 की दवाइयां वितरित करने के आरोप हैं। गंभीर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। हालांकि न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दृढ़ता से कहा कि अदालत इस अनुरोध पर विचार करेगी। न्यायाधीश ने कहा, अगर आपने एक साधारण अनुरोध किया होता, तो मैं उस पर विचार करती। आप मुझे बहुत सी बातें बताने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले (पार्टी का) नाम, उनकी साख, उनके द्वारा किए गए कार्य। आप नाम उछालने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि यह अदालत में काम करेगा। यह काम नहीं करता। अदालत की सुनवाई 8 सितंबर को होनी थी। यह भी कहा गया कि पूर्व सांसद और क्रिकेटर ने लॉकडाउन के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां दान की थीं। हालांकि, उच्च न्यायालय अपने मूल रुख से पीछे नहीं हटा। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार स्थगन आदेश लागू हो जाने पर सुनवाई तुरंत रुक जाती है, जांच रुक जाती है और पूरा मामला अंततः खारिज हो जाता है। यह शिकायत मूल रूप से औषधि नियंत्रण विभाग (डीसीडी) द्वारा गंभीर और उनके फाउंडेशन गौतम गंभीर फाउंडेशन और सीईओ अपराजिता सिंह के खिलाफ दर्ज की गई थी। उनकी मां (सीमा गंभीर) और पत्नी (नताशा गंभीर) को भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघनकर्ताओं के रूप में नामित किया गया है।



# वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज के बीच होगा महिला युगल मैच



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन महिला एकल में पहले राउंड से ही बाहर हुई वीनस विलियम्स का अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है। वीनस महिला युगल में लेयला फर्नांडीज के साथ खेलती हुई दिखेंगी। उन्हें वाइल्ड-कार्ड एंट्री दी गई है। वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक और ऑस्ट्रेलिया की एलेन पेरेज की जोड़ी से होगा। 22 वर्षीय फर्नांडीज को न्यूयॉर्क में महिला एकल में 31वीं वरीयता दी गई है और उन्होंने पहले दौर में हमवतन रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-1 से हराया। वह 2021 में एकल फाइनल में पहुंचीं, जहां वह ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से उपविजेता रहीं। 45 साल की वीनस 2 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। वीनस विलियम्स महिला युगल की सफलतम खिलाड़ियों में से एक हैं। अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ उन्होंने 14 ग्रैंड स्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। आखिरी बार 2016 में उन्होंने विंबलडन जीता था। महिला युगल में वह आखिरी बार 2022 में सेरेना विलियम्स के साथ यूएस ओपन में दिखी थी। वह सेरेना का विदाई टूर्नामेंट था। 2025 यूएस ओपन में, विलियम्स पहले ही महिला एकल और मिश्रित युगल (रीली ओपेल्का के साथ) में भाग ले चुकी हैं। सोमवार रात, उन्होंने आर्थर ऐश स्टेडियम में एक रोमांचक दूसरे सेट में जीत हासिल की, लेकिन अंततः 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 6-1 से हार गईं। 1981 में रेनी रिचर्ड्स के बाद विलियम्स यहां महिला एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं और ओपन एरा की तीसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थीं। विलियम्स और फर्नांडीज महिला युगल ड्रॉ में सात वाइल्ड-कार्ड टीमों में शामिल हैं, जिनमें हैली बैप्टिस्ट और व्हिटनी ओसुइग्वे, रीज ब्रैंटमेयर और एलानिस हैमिल्टन, कारमेन कॉर्ली और इवाना कॉर्ली, क्रिस्टीना पेनिकोवा और थिया फ्रोडिन, क्लर्वी न्गोउए और इवा जोविक, और जूलियट पारेजा और आकाश उरहोबो शामिल हैं। 2025 यूएस ओपन महिला युगल प्रतियोगिता गुरुवार को यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में शुरू होगी।

## 23 साल बाद भारत में होगा फिडे विश्व कप का आयोजन, पीएम मोदी बोले- मेजबानी हमारे लिए खुशी की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करुआना और आर प्रज्ञानानंदा सहित 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दो दशक से अधिक समय के बाद प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि शतरंज युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे और दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित फिडे विश्व कप 2025 की मेजबानी करना भारत के लिए प्रसन्नता की बात है और वह भी दो दशक से अधिक समय के बाद। फिडे शतरंज विश्व कप का आयोजन गोवा में 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अगले साल के कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए तीन स्थान और 20 लाख डॉलर की इनामी राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डी गुकेश, मैग्नस कार्लसन, फाबियानो करुआना और आर प्रज्ञानानंदा सहित 206 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत के लिए यह बड़ा अवसर है क्योंकि 23 साल बाद पहली बार देश में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पिछली बार 2002 में हैदराबाद में भारत ने इस प्रतियोगिता की मेजबानी की थी और तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में शतरंज में काफी तरक्की की है। यह टूर्नामेंट आठ दौर में दो बाजियों के नॉकआउट प्रारूप में खेला जाएगा।



# भारत की 17 साल की भारोत्तोलक कोयल बार का जलवा, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में बनाए दो विश्व रिकॉर्ड

**अहमदाबाद, एजेंसी।** 17 साल की कोयल ने गजब का जज्बा दिखाते हुए तब सुर्खियां बटोरीं, जब बिंदियारानी और मुथुरमुथुपंडी राजा जैसे भारोत्तोलक पदक जीतने में सफल रहे। कोयल को आने वाले समय का स्टार माना जा रहा है। 17 साल की भारतीय भारोत्तोलक कोयल बार ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में दो नए युवा विश्व रिकॉर्ड स्थापित करके युवा और जूनियर दोनों खिताब जीते। जूनियर और युवा दोनों वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए इस किशोरी ने कुल 192 किग्रा (85 किग्रा + 107 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने पहले 85 किग्रा भार उठाकर युवा स्नैच विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर क्लीन एंड जर्क में अपने दूसरे प्रयास में 107 किग्रा भार उठाकर 105 किग्रा के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। इसके साथ ही, उन्होंने 188 किग्रा के मौजूदा युवा विश्व कुल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।



### कोयल का प्रयास स्नेहा से बेहतर

कोयल का प्रयास उनकी हमवतन स्नेहा सोरेन से तीन बेहतर था, जिन्होंने 185 किग्रा (81 किग्रा + 104 किग्रा) के साथ सीनियर वर्ग में रजत पदक जीता था। इससे पहले महिलाओं में भारत की बिंदियारानी देवी और पुरुषों में मुथुपंडी राजा ने मंगलवार को अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, सारी सुर्खियां गजब का जज्बा दिखाने वाली 17 वर्षीय कोयल ने बटोरीं।

### बिंदियारानी को मिला पदक

महिलाओं के 58 किग्रा वर्ग में भाग लेने वाली बिंदियारानी ने 206 किग्रा (91 किग्रा स्नैच + 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर रजत पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 85 किग्रा, 88 किग्रा और 91 किग्रा भार उठाया और क्लीन एंड जर्क में 110 किग्रा और 115 किग्रा भार उठाया। वह अपने अंतिम 122 किग्रा प्रयास में असफल रहीं और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की कियाना इलियट ने 212 किग्रा (100 किग्रा + 112 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। बिंदियारानी बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा वर्ग में रजत पदक विजेता हैं। वह पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन भी हैं, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण और 2021 संस्करणों में रजत पदक जीता है।

### मुथुपंडी ने भी जीता पदक

पुरुष वर्ग की बात करें तो, मुथुपंडी राजा 65 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक के बेहद करीब पहुंच गए, लेकिन 296 किग्रा (128 किग्रा+168 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। मलयेशिया के मुहम्मद अजनिल बिन बिदिन ने 297 किग्रा (125 किग्रा+172 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू 292 किग्रा (127 किग्रा+165 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीतने में सफल रहे।

# छावनी में 71 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन, दशहरा उत्सव की तैयारियां शुरू

यह लगातार 35 से अधिक वर्षों से चला आ रहा उत्सव है। विजय दशमी पर्व पर असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में विशालकाय रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा।



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी विजयादशमी का पर्व शहर में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। छावनी दशहरा उत्सव समिति ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसके तहत समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया है। समिति के संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के निवास पर हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सर्वसम्मति से पार्षद आशीष गेहलोत को दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा नीरज ताम्रकार को श्रीराम बारात का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि उपाध्यक्ष विनीत गोयल, गब्बर यादव, सेवा यादव, राजू बोयत, छगन यादव, कोषाध्यक्ष विशाल सेन, स्वागत अध्यक्ष राजेश परिहार, प्रभारी धर्मेंद्र माहेश्वरी को बनाया गया है। **ऐतिहासिक होगा आयोजन-** समिति के संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि इस साल शहर के मध्य स्थित बाल विहार के भव्य मैदान पर 71 फीट से अधिक ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यह लगातार 35 से अधिक वर्षों से चला आ रहा उत्सव है। विजय दशमी पर्व पर असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में विशालकाय रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। श्री अरोरा ने बताया कि इस मौके पर मुख्य मंच पर भजन संध्या और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने उत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए कई सुझाव दिए हैं। बैठक में ईश्वर सिंह चौहान, अजय रायकवार, विष्णु संघानी, अंकुश माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बारिश और सुख-समृद्धि के लिए जारी है हवन यज्ञ



आर्य समाज के अध्यक्ष कमलेश आर्य ने बताया कि इस यज्ञ में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हिमालय की शुद्ध जड़ी.बूटियों से बनी हवन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** शहर के लोगों की सुख समृद्धि और पर्याप्त जलवृष्टि (बारिश) की कामना के साथ सीहोर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आर्य समाज छावनी और लोक जनकल्याण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यह यज्ञ 14 अगस्त से श्याम होम्यो क्लीनिक कोतवाली चौराहे के ऊपर चल रहा है। आर्य समाज के अध्यक्ष कमलेश आर्य ने बताया कि इस यज्ञ में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हिमालय की शुद्ध जड़ी.बूटियों से बनी हवन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह ईश्वर की कृपा है कि जिस दिन से यह यज्ञ शुरू हुआ हैए उसी दिन से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। उनका मानना है कि सच्चे मन से किए गए वैदिक यज्ञ से ईश्वर सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस हवन यज्ञ का समापन 5 सितंबर को कोतवाली चौराहे पर किया जाएगा।

# सैकड़ो कांग्रेसी फिर उतरे सड़कों पर



दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहपुर।** म.प्र. में ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों , कार्यकताओं के साथ नरसिंह भवन पहुंचकर राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% किया गया था। इस अध्यादेश को एक छात्रा द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गई। परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा केवल सीमित अंतरिम आदेश दिया गया। तत्पश्चात 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित कर अधिसूचित किया गया। इस अधिनियम पर न तो उच्च न्यायालय द्वारा कोई स्थगन आदेश पारित किया गया है। अतः यह कानून राज्य में शिक्षा एवं रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है। वर्तमान में लगभग 70 याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। इनमें से अधिकांश याचिकाएं ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रिन्यावयन हेतु दायर की यह है। परंतु राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना स्वयं कानून के विपरीत है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि राज्य सरकार तत्काल उक्त अधिसूचना को वापस ले। यदि ऐसा किया जाता है तो 90% समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को उसका विधिसम्मत लाभ मिल सकेगा। उक्त मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पटेल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता दीवान शैलेंद्र सिंह, चौधरी विभाष जैन, राजेंद्र रघुवंशी, मुकेश विलवार,अनीता जायसवाल, मोना कौरव, कंछेदी पटेल, मनीष कौरव भिंडवार, जिनेश जैन, संतोष पटेल, विश्वनाथ सिंह गुमास्ता, भगवंत सिंह जाट के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे ।

# कलेक्टर ने नवोदय स्कूल का निरीक्षण कर बच्चों को दिए सफलता के टिप्स




दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने गुरुवार को श्यामपुर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन एक सुनहरा समय होता है, जिसमें कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से अपने और देश के भविष्य को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। उन्होंने सभी बच्चों से अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा से कठिन परिश्रम करने का आग्रह किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू ने विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी की एक बैठक भी आयोजित की। बैठक में उन्होंने स्कूल की कार्यप्रणाली, मूलभूत व्यवस्थाओं और उपलब्धियों की समीक्षा की। इस दौरान स्कूल में छात्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने, बिजली कनेक्शन को 11 केवी से 33 केवी में बदलने, प्रवेश परीक्षा में छात्राओं का नामांकन बढ़ाने, कैंपस में सोलर लाइट लगाने, मुख्य गेट का सौंदर्यीकरण करने, बॉटनिकल गार्डन का विस्तार करने, अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण करनेए 400 मीटर का ट्रैक बनाने और हैंडपंप लगाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को इन सभी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, प्राचार्य डॉ. केएस बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्ड नंबर 28 में जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष की पहल



दैनिक भेल पॉवर

**इटारसी।** वार्ड नंबर 28, सिटी सेंटर के पास जलभराव की समस्या का समाधान करने के लिए नगर पालिका परिषद इटारसी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी, पंकज चौरे ने निर्देश दिए हैं कि इस क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण और सी आर एम डलवाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के लिए रोड कट लगवा कर नाली में पानी की निकासी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती वंदना ओझा जी, नगर पालिका के इंजीनियर आदित्य पांडे और वार्ड के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। नपाध्यक्ष अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि वार्ड नंबर 28 में जलभराव की समस्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं और लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े साथ ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखना है। अच्छी गुणवत्ता का कार्य हो ये हमारे साथ ही नागरिकों की भी जिम्मेदारी है।क्योंकि शहर हमारा जिम्मेदारी हमारी हम सब को मिलकर इटारसी शहर को प्रत्येक क्षेत्र चाहे निर्माण हो,स्वच्छता हो,सौंदर्यकरण हो आदि मै प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनना है। पार्षद श्रीमती वंदना ओझा जी ने कहा कि वह अपने वार्ड के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और नगर पालिका के साथ मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या का समाधान होने से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड के निवासियों ने नपाध्यक्ष पंकज चौरे और पार्षद श्रीमती वंदना ओझा का आभार व्यक्त किया। उन्हें उम्मीद है कि जलभराव की समस्या का समाधान होने से उनके क्षेत्र में विकास होगा और जीवन स्तर में सुधार होगा।

# सरेआम खिल रहा सट्टा जनपद अध्यक्ष

दैनिक भेल पॉवर

**नरसिंहपुर ।** नरसिंहपुर जिले के सालीचौका चौकी के अंतर्गत सहावन गांव में जुआ, सट्टा, अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाई,,जनपद अध्यक्ष चीचली ने ओर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौपा जिसमे उल्लेख करते हुये कहा की ग्राम में विगत कई दिनों से अवैध देशी अंग्रेजी शराब एवं जुआ सट्टा जोरों से जारी है जिसमें अवैध कार्य करने वाले बाहरी गुंडे तत्वों का संरक्षण प्राप्त है। उक्त अवैध कार्य होने से ग्राम में आपराधिक कृत्य बढ़ रहे हैं, हर परिवार में कलह होने लगी है, युवावर्ग का भविष्य बर्बाद हो रहा है। लड़ाई झगड़ा होने से परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं! अगर किसी को इस नशे की लत लग जाती है, तो उसका संपूर्ण परिवार बर्बाद हो जाता है! और यही हो रहा है, इस कारण पूर्णता अवैध कार्यों को बंद हो!ऐसा कहने बाले जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति राधाबाई अहिरवार,किसान सभा के नन्हेलाल वर्मा, कमलेश चौधरी, लालसाहब पटेल, प्रदीप, राजा एवं शकुन बाई के प्रतिनिधि मंडल ने तत्काल जुआ



सट्टा एवं देशी अंग्रेजी अवैध शराब पर रोक लगाए जाने कार्यवाही की मांग की गई है, कार्यवाही न होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है!

# भविष्य की तकनीकों पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

दैनिक भेल पॉवर

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूआईटी), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला (28-29 अगस्त 2025) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला पीएम-उषा योजना के अंतर्गत सैड मैप के सहयोग से आयोजित की जा रही है।कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूनम सिन्हा, विभागाध्यक्ष ईसी विभाग ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. जैन (संरक्षक) के करकमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर प्रो. नीरज गौर, निदेशक यूआईटी (अध्यक्ष), डॉ. विपिन व्यास, पीएम-उषा नोडल अधिकारी, डॉ. रेखा खंडिया एवं डॉ. अरुण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन हुआ। इसमें ड्रोन तकनीक और वायरलेस संचार विषय पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।प्रो. एस.के. जैन




(एसजीएसआईटीएस, इंदौर) ने ड्रोन तकनीक पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रो. संगीता नखाते (एमएएनआईटी, भोपाल) ने वायरलेस कम्युनिकेशन के नवीनतम पहलुओं पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को एयर कमोडोर राजीव मित्तल, वीएसएम (भारतीय वायुसेना के वेटरन) द्वारा ड्रोन एवं वायरलेस संचार की लाइव डिमॉन्स्ट्रेशन एवं हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई। प्रतिभागियों की जिज्ञासा से ये सत्र प्रश्नोत्तर राउंड में बदलकर अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बन गया। दूसरे दिन भी विशेषज्ञ व्याख्यानों और प्रायोगिक प्रशिक्षण का आयोजन होगा तथा समापन अवसर पर वैलेक्ट्री फंक्शन आयोजित किया जाएगा।


## शोक संदेश



बड़े दुख का विषय है कि
मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. भोपाल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी एवं
पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष
श्री मनोज द्विवेदी की पुत्रवधु
**श्रीमती आकृति द्विवेदी** (29 वर्ष) दूर संचार विभाग, भारत सरकार में कार्यरत
का बीमारी के चलते आकस्मिक देवलोक गमन गुरूवार, 28 अगस्त 2025 को हो गया है।

**अंतिम यात्रा**
निज निवास से भदभदा विश्राम घाट प्रस्थान करेगी
दिनांक : 29 अगस्त 2025 को दोपहर : 12:00 बजे

**निज निवास**
127, गुड शेफर्ड कॉलोनी,
कोलार रोड, भोपाल

**शोकाकुल परिवार**
पी.एन.द्विवेदी, पूर्व अपर संचालक जनसंपर्क (दादा ससुर)
मनोज-ऋतु द्विवेदी (सास-ससुर)
यश द्विवेदी (पति), इरा द्विवेदी (ननद), नायरा द्विवेदी (पुत्री)
अशोक-नीलम त्रिपाठी (माता-पिता)
Mob.: 9425303948, 9424439296


स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048